दैनिक
# किस्मत भीलवाड़ा

आवश्यकता है
राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/पुरुष संवाददाताओं की आवश्यकता है।
संपर्क करें
दैनिक किस्मत भीलवाड़ा
मो. 9214345401, 8233210027, 9828402526, 6376577605

Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 3 अंक-48 | भीलवाड़ा बुधवार 30 जुलाई 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379

## सजा काटने के बाद भी दोषी की रिहाई रोकने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# इस तरह के रवैए से तो हर दोषी जेल में मर जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा मर्डर के एक मामले में सजा समीक्षा बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने मार्च में 20 साल की सजा पूरी कर लेने के बाद भी एक दोषी को रिहा नहीं करने पर कोर्ट नाराज दिखा। कहा कि अगर यही हाल रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान को रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने माना कि इस साल मार्च में उसने अपनी 20 साल की सजा पूरी कर ली है। सजा समीक्षा बोर्ड ने यादव के आचरण का हवाला देते हुए उसकी माफी की याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत ने एसआरबी की कार्रवाई पर आश्चर्य व्यक्त किया। कहा कि वह कोर्ट द्वारा पारित आदेश पर कैसे रोक लगा सकता है।

*नीतीश कटारा मर्डर के एक मामले में सजा पर की सुनवाई*

*कोर्ट ने माना वह 20 साल की सजा पूरी कर चुका*



**न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को नहीं रोक सकते**

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि सजा समीक्षा बोर्ड न्यायिक प्राधिकारी के आदेश को कैसे दबा सकता है? अगर यही रवैया रहा तो हर दोषी जेल में ही मरेगा। क्या यही कार्यपालिका का आचरण है? शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यादव को 20 साल की सजा पूरी होने के बाद रिहा कर दिया जाना चाहिए था।

**एएसजी ने आजीवन कारावास की व्याख्या की**

*दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे ने तर्क दिया कि 20 साल की सजा के बाद स्वतः रिहाई नहीं हो सकती। आजीवन कारावास का अर्थ है जीवन शेष रहने तक जेल में रहना। हालांकि, यादव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ मृदुल ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने 9 मार्च 2025 को अपनी सजा पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि यादव को 9 मार्च के बाद हिरासत में रखने का कोई वैध कारण नहीं है। दिल्ली सरकार ने सजा की गलत व्याख्या की है।*

### कानूनी सलाह देने वकीलों को समन जारी नहीं कर सकती जांच एजेंसी

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ वकील के तौर पर काम करते हुए आपराधिक मामलों के जांच का सामना करने वाले अपने मुवक्किलों को कानूनी सलाह देता है या उनका प्रतिनिधित्व करता तो जांच एजेंसी उन्हें समन जारी कर नहीं बुला सकता है। हालांकि शीर्ष अदालत ने यह साफ कर दिया है कि कोई अधिवक्ता अपराध करने में अपने मुवक्किल का मदद कर रहा है तो जांच एजेंसी द्वारा समन जारी कर उन्हें बुलाया जा सकता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ईडी सारी हदें पार कर रही है।*





**बालाजी मामले में तमिलनाडु सरकार को लगाई फटकार**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार द्वारा पूर्व राज्य मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़े मामलों में 2000 से अधिक लोगों को कथित 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में आरोपी बनाकर मुकदमे में देरी करने के प्रयास पर नाराजगी जताई।न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इसेन्यायिक व्यवस्था के साथ पूर्ण धोखाधड़ी बताया। और बालाजी से जुड़े सभी लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया और मामले की सुनवाई बुधवार के लिए स्थगित कर दी।

## खबर संक्षेप

### बांके बिहारी मामला: 10 दिन में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के आस-पास रहने वाले मूल निवासियों के प्रार्थना पत्रों पर अधिवक्ता एपी सिंह की याचिका पर मंगलवार को जजों की डबल बेंच ने सुनवाई की। इसके बाद प्रकरण को सुनवाई के लिए चीफ जस्टिस की अदालत में अग्रेषित कर दिया। चीफ जस्टिस द्वारा 10 दिन के भीतर मामलों की सुनवाई की जाएगी।

### 80 से अधिक विद्यार्थियों की हालत बिगड़ी



**बुलंदशहर।** स्याना तहसील क्षेत्र के ग्राम कनौना स्थित इंटर कालेज में मच्छरों को मारने के लिए की गई फागिंग के बाद 80 से अधिक विद्यार्थियों की हालत बिगड़ गई थी। इसमें से 45 विद्यार्थियों को सीएचसी स्याना भर्ती कराया गया था। देर रात 3 विद्यार्थियों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। 42 मेरठ मेडिकल रेफर किया।

### सीए ने शरीर में जहरीली गैस भरकर दी जान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाराखंभा इलाके में एक होटल के कमरे में चार्टर्ड अकाउंटेंट धीरज कंसल की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। आत्महत्या के इसतरीके ने सबको चौंका दिया है। 25 साल के धीरज ने अपनी जान लेने के लिए हीलियम गैस का इस्तेमाल किया है। उसने पाइप के जरिए मुंह में हीलियम गैस भरी और मौत हो गई।

### फोटो भेज कटवाएं चालान जीतें 50 हजार इनाम



**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस आप और मेरे जैसे लोगों को दिल्ली पुलिस के ट्रैफिक प्रहरी ऐप की मदद से मौके पर ही ट्रैफिक उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार दिया है। नागरिक कर्तव्य निभाने के अलावा, अधिकारी ज़िम्मेदार नागरिकों को नकद पुरस्कार भी दे रहे हैं, जिसमें शीर्ष योगदानकर्ता को 50,000 तक का नकद पुरस्कार मिलेगा।

### बुजुर्ग को थार ने जान बूझकर मारी टक्कर



**गांधीनगर।** पॉश इलाका गांधीनगर में थार से बुजुर्ग को जानबूझकर थार को रिवर्स कर टक्कर मारने के सामने आए सीसीटीवी फुटेज ने पूरे शहर को हैरान कर दिया है। यह वारदात रविवार दोपहर डेढ़ बजे की है।तेज रफ्तार थार से गांधीनगर निवासी बुजुर्ग कमल कांत दत्ता लड़खड़ाकर स्कूटी लेकर गिर जाते हैं। वाहन को रिवर्स टक्कर मार दी।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान 'माननीयों' के बीच गरमा-गरमी

# नड्डा और खरगे में दिखी तू-तू मैं-मैं, फिर केंद्रीय मंत्री ने शब्द लिए वापस, मांगी क्षमा

### प्रधानमंत्री मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द बोलने पर भड़के नड्डा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। सरकार की आलोचना करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्द का इस इस्तेमाल किया। इस पर सदन के नेता जेपी नड्डा भड़क गए और खरगे के लिए भी आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। दोनों नेताओं के बीच सदन में तू-तू-मैं-मैं देखने को मिला।

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में सदन के नेता नड्डा ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे बहुत वरिष्ठ नेता हैं लेकिन जिस तरह से उन्होंने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की.। मैं उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। वह (प्रधानमंत्री मोदी) 11 साल से वहां हैं। वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। नड्डा ने कहा कि खरगे अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इस बयान के बाद कांग्रेस के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया।

**खरगे के लिए भी आपत्तिजनक शब्द कहे**

**बोले-गलती की हो तो शब्दों को वापस लेता हूं**



**नड्डा ने खरगे से मांफी मांगी**

*राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने खरगे पर दिए गए अपने बयान के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं। मैंने अपने शब्द वापस लेता हूं। अगर आपको ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा भी मांगता हूं। लेकिन आप भी भावनाओं में बह गए थे। आप इतने बह गए थे कि आपको प्रधानमंत्री की गरिमा का भी ध्यान नहीं रहा, यह दुखद है।*

**खरगे ने पीएम मोदी को कही ये बात**

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि हम बैठक (सर्वदलीय) में शामिल हुए लेकिन आप चुनाव प्रचार के लिए बिहार गए। क्या यही आपकी देशभक्ति है?...उन्हें आज सदन में होना चाहिए था और हमारी बात सुननी चाहिए थी। अगर आपमें सुनने की क्षमता नहीं है, तो आप उस पद पर रहने के लायक नहीं हैं। खरगे ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक शब्द का भी इस्तेमाल किया। जिसका भाजपा के सदस्यों ने जमकर विरोध किया।

### फिर खरगे ने सम्मान जताया



राज्यसभा में सदन के नड्डा द्वारा उन पर की गई टिप्पणी को वापस लेने पर सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस सदन में कुछ नेता हैं जिनके प्रति मेरे मन में अपार सम्मान है। नड्डा भी उनमें से एक हैं। राजनाथ सिंह और वह ऐसे मंत्री हैं जो बिना अपना संतुलन खोए बोलते हैं। वे आज मुझे बता रहे हैं। यह शर्म की बात है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए, मैं इसे ऐसे ही नहीं छोड़ने वाला।

### आप बिना बुलाए पाक के गले मिले

*खरगे ने 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की औचक पाकिस्तान यात्रा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की निंदा करते रहे हैं, लेकिन हम इधर निंदा करते हैं और आप जाकर उनकी दावत में उन्हें गले लगा लेते हैं। आप खुद ही गलती करते हैं और दूसरों को पाठ पढ़ाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। हमारी पार्टी का देश के विकास में बड़ा योगदान है, लेकिन आपके पास एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है। आप पंडित नेहरू को बहुत कोसते हैं। पहलगाम में आतंकी कहां से आए? उन्होंने कहा कि हमले से सिर्फ तीन दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। मैंने पहले भी पूछा था, लेकिन जवाब नहीं मिला कि क्या आपके पास आतंकी हमले की सूचना थी?पहलगाम में हमला हुआ, लेकिन सरकार कह रही है कि जो कुछ हमने किया, वो सही किया। राहुल गांधी ने पहलगाम हमले को लेकर विशेष सत्र बुलाने की मांग की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।*

**प्रियंका बोलीं नेहरू इंदिरा और मां के आंसुओं पर बात की पर युद्ध क्यों रोका?**



लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने अपने भाषण में नेहरू, इंदिरा गांधी और मेरी मां सोनिया गांधी के आंसुओं की बात की, लेकिन ये नहीं बताया कि संघर्ष के बीच अचानक ऑपरेशन क्यों रोका गया? प्रियंका ने सवाल उठाया कि दुश्मन पीछे हट रहा था, तब सरकार ने सीजफायर का फैसला क्यों लिया और देश को इसकी वजह क्यों नहीं बताई गई। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की गंभीर गैर-जिम्मेदारी बताया।

## भाजपा सांसद निशिकांत का पलटवार

# कांग्रेस के 40 सांसद रूस के लिए मुखबिरी करते थे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत ने कहा कि कांग्रेस आर्मी चीफ की इज्जत नहीं करती है। 1962 में कांग्रेस ने नेहरू के चचेरे भाई कौल को असम नेपा का हेड बनाया। जब हम हार गए तो कौल भाग आया। नेहरू ने उस युद्ध में वायुसेना का उपयोग नहीं करने दिया। कांग्रेस ने 1962,1965 और 1971 में कितने एयरक्राफ्ट गिरे यह कभी नहीं बताया। दुबे ने कहा कि पाकिस्तान को जिन्ना और लियाकत अली ने बनाया। जब लियाकत अली जब देश का कट्टर नागरिक होना चाहता था तो नेहरू ने अपनी बहन विजय लक्ष्मी पंडित को मॉस्को राजदूत बनाया तो लियाकत अली दुखी हुआ और उसने भारत को बांट दिया। यही परिवारवाद कांग्रेस को यहां तक ले आया। कांग्रेस के 40 सांसद रूस के लिए मुखबिरी करते थे।

**तिवारी का थरूर पर तंज, भारत की बात सुनाता हूं...'**

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने शशि थरूर का जिक्र कर लिखा। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में जारी चर्चा के दौरान जहां एक ओर कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है, वहीं पार्टी के भीतर असंतोष के सुर भी उभरकर सामने आ रहे हैं। वरिष्ठ नेता शशि थरूर के चर्चा में शामिल न होने पर पहले से सवाल उठ रहे थे और अब तिवारी की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने इस बहस को और रोमांचक बना दिया है। तिवारी ने एक्स पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें बताया गया कि उन्हें और थरूर को संसद बहस से दूर रखा गया है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ 1970 की फिल्म 'पूरब और पश्चिम' के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखीं कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं।

**विश्वगुरू ने देश को निराश किया: कनिमोझी**

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान डीएमके सांसद कनिमोझी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'विश्वगुरु' ने अपने ही देश के लोगों को निराश किया है। यदि भारत वास्तव में विश्वगुरु है तो आतंकवादी हमले क्यों होते रहते हैं। डीएमके सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का पर्दाफाश करने के लिए विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया।

*ईडी ने पूछे सवाल तो लड़खड़ाने लगी छांगुर की जुबान, जवाब देने में बाबा करने लगा इधर-उधर*

# धर्म परिवर्तन क्यों करवाते थे? किसी 'राजनेता' से मिलीभगत तो नहीं?



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में जबरन धर्मांतरण कराने के आरोप में गिरफ्तार छांगुर बाबा की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। लखनऊ में उसे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी की टीम उसे कस्टडी रिमांड पर लेकर चली गई थी। ईडी ने उससे अवैध धर्मांतरण और देश विरोधी गतिविधियों को लेकर कई सवाल किए गए। छांगुर का ईडी के सवालों से सामना हुआ तो उसकी जुबान लड़खड़ाने लग गई।सूत्रों के अनुसार छांगुर ईडी के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहा।

**ईडी ने पूछे ये सवाल**

**सवाल:** तुम्हारे पास इतने पैसे विदेशों से क्यों भेजे जाते थे, इन पैसों का क्या करते हो?
**जवाब:** दीन और इस्लाम प्रचार में बहुत पैसे खर्च होते हैं साहब, बाकि मेरे पैसे जो भी आए वो इस्लाम और इसके प्रचार-प्रसार के लिए ही चंदे के तौर पर आए हैं।
**सवाल:** धर्म परिवर्तन क्यों करवाते थे? इसके पीछे क्या मकसद था?
**जवाब:** कोई मकसद नहीं था मेरा, मैंने सिर्फ इस्लाम के प्रचार-प्रसार का काम किया है। कोई अपने मन से ही धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो मेरी कोई गलती नहीं है, मैंने कभी ये सब काम पैसो के लिए नहीं किया न ही कभी किसी का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया।
**सवाल:** क्या दूसरे देशों से भी तुम्हे इंस्ट्रक्शन मिलता था इस्लाम के प्रचार के लिए?
**जवाब:** मैं निर्दोष हूं, मैं जो करता था सिर्फ अल्लाह के दिखाए मार्ग पर काम करता था।
**सवाल:** क्या जो तुमने संपत्ति बनाई है क्या उसकी इनकम टैक्स को जानकारी दी है?
**जवाब:** ये मेरी संपत्ति है, मैंने किसी की संपति नहीं हड़पी। लोगो ने दीन के प्रचार के लिए दिया है इस पर सरकार और इनकम टैक्स का कोई हक नहीं है।
**सवाल:** देश विरोधी गतिविधियों में भी इन पैसों का उपयोग किया है तुमने?
**जवाब:** मैं निर्दोष हूं, मैंने कोई गलत काम कभी नहीं किया है।
**सवाल:** तुमने ये पैसा कहां कहां खर्च किया? इस सवाल पर छांगुर कुछ नहीं बोला। ईडी ने बैंक स्टेटमेंट की पूरी फाइल रखी और एक-एक रुपएके बारे में पूछा। छांगुर इन पैसों के बारे में नहीं बता पाया।
**सवाल:** क्या तुमने विदेश में भी कोई संपत्ति खरीदी है या पैसा भेजा है?
**जवाब:** इसका कोई माकूल जवाब नहीं दिया है।
**सवाल:** क्या किसी राजनेता, सरकारी अफसर या व्यापारी से मिलीभगत है तुम्हारी?
**जवाब:** छांगुर ने कुछ लोगों का नाम बताए जो छांगूर के अच्छे संपर्क में थे। दरख्वास्त करता था।
**सवाल:** नेपाल में तुम्हारा नेटवर्क क्या है?
**जवाब:** मुझे नहीं पता हवाला के पैसों के बारे में, रकम सिर्फ चंदे के तौर पर ली जाती थी।
**सवाल:** तुम भारत में मुस्लिम राष्ट्र स्थापित करना क्यों चाहते थे?
**जवाब:** मैं सिर्फ दीन और अल्लाह की बात करता हूं, उनके दिखाए मार्ग पर चलता हूं। मैं बेकसूर हूं।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने बाघ दिवस पर कहा

# भारत आईबीसीए के माध्यम से वैश्विक बाघ संरक्षण में अग्रणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक बाघ दिवस समारोह की अध्यक्षता की। वन्यजीव संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए भ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत में बाघ अभयारण्यों की संख्या वर्ष 2014 में 46 से बढ़कर आज तक 58 हो गई है। यह वृद्धि हमारे राष्ट्रीय पशु की सुरक्षा के प्रति प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**सात बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करेंगे**



केंद्रीय पर्यावरण मंत्रीयादव ने भारत द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में पाई जाने वाली सात बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करना है। उन्होंने बताया कि 24 देश पहले ही इस वैश्विक प्रयास में शामिल होने के लिए सहमत हो चुके हैं और इसका मुख्यालय भारत में होगा। यह देश के लिए अच्छा है।

**राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान जल्द होगा शुरू**

इस दौरान यादव ने राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान शुभारंभ करने की घोषणा की, जिसके अंतर्गत सभी 58 बाघ अभयारण्यों में 1 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इससे यह दुनिया में इस तरह के सबसे बड़े अभियानों में से एक बन जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश ने फिर मचाई तबाही

# मंडी में बादल फटने से 3 की मौत, कई गाड़ियां दबीं

एजेंसी ▶▶ मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी बारिश ने फिर तबाही मचाई है। बादल फटने से इस बार मंडी शहर के विभिन्न स्थानों पर कहर बरपा है। मंडी शहर के जेल रोड़ में अभी तक तीन लोगों की पानी के बहाव में बहने से मौत की पुष्टि हुई है। एक महिला का शव मलबे में दबी गाड़ियों के बीच में फंसा हुआ था, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया।

**खास बातें**

- बाढ़ में दर्जनों छोटे-बड़े वाहन मलबे में दब गए
- सेना तैनात

**लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला**



*मलबे में फंसे कई लोगों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया। मंडी सदर क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थान आज बंद रखने का फैसला लिया गया। बादल फटने के बाद आई बाढ़ में दर्जनों छोटे-बड़े वाहन मलबे में दब गए हैं और कुछ बह गए हैं। पैलेस कॉलोनी, जोनल अस्पताल और अन्य स्थानों पर बारिश ने कहर बरपाया है। पुलिस विभाग, एनडीआरएफ, होमगार्ड और अग्निशमन विभाग की टीमों की ओर से बचाव एवं राहत कार्य चलाया जा रहा है।*

**पाली में फिर बरसे बादल, कई कॉलोनियों में पानी भरा**

पाली। पाली की सुबह अचानक जब आसमान में काली घटाएं छा गईं तो शहरवासियों की चिंता एक बार फिर गहरा गई। भारी बारिश के बाद अब भी कई कॉलोनियों में पानी जमा है। हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं और ऐसे में जब बादल फिर से बरसने को तैयार हैं। जैसे ही बारिश शुरू हुई, उन मोहल्लों में रहने वाले लोग फिर सहम गए, जहाँ अब तक पानी निकासी नहीं हो पाई है।कई कॉलोनियों में लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं।

**देशभर में बारिश से परेशानी**

### मुंबई में जाम, उत्तर प्रदेश में सड़कें जलमग्न

*देश के कई हिस्सों में मानसून की बारिश ने एक बार फिर कहर बरपाना शुरू कर दिया है।। दिल्ली, गाजियाबाद, फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा में भारी बारिश के चलते सड़कों में जलजमाव हो गया है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। शहर के कई हिस्सों में जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। हाई टाइड को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।*

## डिंपल पर टिप्पणी से बढ़ी नाराजगी

# सही से इलाज कर दिया, रशीदी को सपा कार्यकर्ताओं ने मारा थप्पड़!

एजेंसी ▶▶ नोएडा

यहां सेक्टर 126 थाना क्षेत्र में एक निजी न्यूज चैनल के स्टूडियो में उस समय हंगामा मच गया, जब सपा के कार्यकर्ताओं ने ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी को थप्पड़ मार दिया। यह घटना मौलाना द्वारा सपा सांसद डिंपल यादव पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा रशीदी एक डिबेट में शामिल होने पहुंचे थे। डिबेट मसपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव कुलदीप भाटी अपने साथियों संग पहुंचे थे। डिबेट खत्म



होने के बाद कुलदीप अपने साथियों संग मौलाना के करीब जाते हैं और उन्हें थप्पड़ मार देते हैं। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच जाती है। वारदात के बाद भाटी का एक एक्स पर पोस्ट आता है जिसमें वे कहते हैं यादव के खिलाफ एक मौलाना ने अभद्र टिप्पणी की है। आज मौलाना का सही से इलाज कर दिया गया है और आगे भी करेंगे।

## पर्यावरण जागरूकता हेतु माला व पौधा-रस्म कार्यक्रम आयोजित



किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज।** श्री गोकुल मित्र मण्डल शिवगंज व एक व्यक्ति एक पौधा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में माली समाज नवयुवक मंडल अध्यक्ष नरेंद्र परिहार एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष एडवोकेट तीरगर चंपालाल का माला व तुलसी पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गोकुल मण्डल अध्यक्ष मनीष सोनी, पूर्व अध्यक्ष गोविंद माली, पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत व समाजसेवी भरत अरोड़ा ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सुरेश प्रजापत, कैलाश बरोलिया, संजय सुथार, खुश सोनी सहित कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

## मेवाड़ा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सैनिकों को भेजीं राखियाँ



किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज।** रक्षाबंधन के अवसर पर मेवाड़ा पब्लिक स्कूल के कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों ने नन्हे हाथों से देश के वीर जवानों के लिए राखियाँ और कार्ड्स बनाकर समर्पित किए। कक्षा 3 से 7 के बच्चों ने राखियाँ बनाईं, जिनमें देशभक्ति और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना झलक रही थी। कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने आकर्षक राखी कार्ड्स तैयार किए। अध्यापिका अनीता ने बच्चों को सैनिकों के योगदान और राष्ट्रसेवा का महत्व समझाया। विद्यालय निदेशक जयेंद्र मेवाड़ा ने बताया कि यह पहल बच्चों को देश सेवा से जोड़ने का एक प्रयास है। कार्यक्रम में रेशमा जैन, ममता कुमारी, मीना कुमारी, करण और तमन्ना ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## तिलोली पंचायत के नरेगा मजदूरों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला कलेक्ट्री पर किया प्रदर्शन, कार्यवाही की मांग



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,** ग्राम पंचायत तिलोली (तहसील आसीन्द) के समस्त नरेगा मजदूरों ने जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूर्व सरपंच पति, पंचायत सचिव और मेट सहित चार जिम्मेदारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में बताया गया कि नरेगा कार्यों के दौरान प्रत्येक मजदूर से 500 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है, और जो मना करता है उसका नाम सूची से हटा दिया जाता है। मजदूरों ने आरोप लगाया कि सचिव द्वारा अपने निजी खेत पर मजदूरों से जबरन काम करवाया जा रहा है तथा फोटो किसी अन्य कार्यस्थल पर खींचकर भुगतान का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसके अलावा, पक्के निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकारी राशि हड़पने का भी आरोप लगाया गया है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें समय पर मजदूरी भी नहीं मिल रही और विरोध करने पर धमकियां दी जा रही हैं। मजदूरों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की मांग की है ताकि नरेगा कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

## घर के आंगन में खेल रही बच्ची की सांप के काटने से मौत

किस्मत भीलवाड़ा



**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव )** क्षेत्र के रेड़वास ग्राम पंचायत के बलिया खेड़ा गांव में सोमवार शाम को घर के आंगन में खेल रही एक 14 माह की मासूम बच्ची को सांप ने काट लिया, जिसे परिजन भीलवाड़ा चिकित्सालय लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई । बलिया खेड़ा गांव में मन्नू पुत्री रामस्वरूप जाट उम्र 14 माह सोमवार शाम करीब 7 बजे अपने घर के आंगन में खेल रही थी, इसी दौरान मासूम बच्ची को सांप ने काट लिया, जिससे बच्ची के रोने पर परिजनों ने देखा तो सांप था और बच्ची के पैर पर खुन लगा था, इस पर परिजन बच्ची को भीलवाड़ा चिकित्सालय ले गए, जहा बच्ची ने दम तोड़ दिया । सुचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस चिकित्सालय पहुंची, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया । आज मंगलवार को गमहीन माहौल में बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया ।

## चंवरा के हनुमान जी के किया पौधारोपण



किस्मत भीलवाड़ा

भीलवाड़ा ( बलराम वैष्णव )- कस्बे में बेडच नदी किनारे स्थित सुप्रसिद्ध चंवरा के हनुमान मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया । सिंगोली गौशाला के अध्यक्ष बड़लियास निवासी घनश्याम राठी ने बताया कि मंगलवार को श्री चवरा के हनुमान जी के यहा विधायक प्रतिनिधि मुकेश खंडेलवाल के द्वारा पौधारोपण किया गया । इस दौरान नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल अहीर, उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर, पूर्व उप सरपंच कालू दरोगा, मंदिर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सुरेश बसेर, श्याम लाल शर्मा आदि कहीं मौजूद रहे ।

राजस्थान में 1936 स्कूलों का होगा रिनोवेशन

# 2746 स्कूलों में बनेंगे टॉयलेट, शिक्षमंत्री बोले- उद्घाटन का नहीं करें इंतजार, तत्काल भवनों का उपयोग करें

किस्मत भीलवाड़ा



जयपुर झालावाड़ और जैसलमेर में हुए हादसों के बाद शिक्षा विभाग पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ गया है। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 1936 स्कूलों में रिनोवेशन के लिए 169.52 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। वहीं, प्रदेशभर में 2746 टॉयलेट बनाने का भी फैसला किया गया है। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री ने पूर्व निर्मित कक्षा और भवन का बिना उद्घाटन ही उपयोग करने के भी आदेश दिए हैं।

**दिलावर ने कहा-** सरकार प्रदेश के स्कूल भवनों का सर्वे कर रही है। इनमें जो जर्जर या खतरनाक स्थिति में है। उनमें कक्षाएं न लगाने के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। फिर भी बरसात के मौसम को देखते हुए और ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सभी संस्था प्रधान अपने स्तर पर भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील रहे। किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं करें।

**उद्घाटन का ना करें इंतजार**

**दिलावर ने कहा-** स्कूलों में नवनिर्मित कक्षों और भवन का उपयोग तत्काल शुरू किया जाए। संस्था प्रधान उनके उद्घाटन करने का इंतजार नहीं करे। बल्कि, नवनिर्मित कमरों में कक्षाएं संचालित करे। स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की गफलत में ना रहे। हर स्तर पर बच्चों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

**स्कूलों में बनेंगे नए टॉयलेट, होगा रिनोवेशन**

उन्होंने कहा- प्रदेश के 4283 सरकारी स्कूलों में 5840 शौचालय निर्माण की जरूरत है। इसका निर्माण स्वच्छ भारत मिशन द्वारा करवाया जाएगा। ऐसे में पहले फेज में प्रदेश के 2746 स्कूलों में शौचालय निर्माण कराए जाएंगे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के स्कूलों की बदहाली को सुधारने के लिए 169 करोड़ 52 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इससे प्रदेशभर के 1936 स्कूलों की मरम्मत के साथ ही अति आवश्यक निर्माण कार्य किए जाएंगे।

## जयपुर में पेचकस घोंपकर युवक की हत्या पीठ और गर्दन पर किए थे ताबड़तोड़ वार; दोस्तों के साथ घूमने गया था

किस्मत भीलवाड़ा



**जयपुर** जयपुर में दोस्तों के साथ घूमने गए एक युवक की पेचकस घोंपकर बेरहमी से हत्या कर दी। युवक की पीठ और गले पर ताबड़तोड़ वार किए गए, फिर लहूलुहान हालत में उसे छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों को राउंडअप कर पूछताछ शुरू कर दी है। बता दें कि मालपुरा गेट स्थित बस स्टेंड के पास बीच सड़क पर युवक की लाश मिली थी। जिसका पोस्टमॉर्टम करवाकर पुलिस ने आज परिजनों को सौंप दिया।

**मालपुरा गेट थाना पुलिस ने बताया-** फागी के भोजपुरा निवासी दीनदयाल बैरवा (26) पुत्र शंकर लाल की हत्या हुई। 26 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे वह हॉस्पिटल में काम करने के लिए बाइक लेकर घर से निकला था। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। 27 जुलाई की शाम करीब 7:30 बजे तक घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी ने ससुराल कॉल किया। कॉल कर बताया- 26 जुलाई की सुबह घर से निकला दीनदयाल दूसरे दिन भी घर नहीं आया है। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। 28 जुलाई की सुबह परिजन दीनदयाल की गुमशुदगी दर्ज करवाने मालपुरा गेट थाने पहुंचे। पुलिसकर्मियों को दीनदयाल की फोटो देकर गुमशुदगी रिपोर्ट दी। हालांकि परिजनों से मिली फोटो देखकर पुलिसकर्मियों ने मालपुरा गेट स्थित बस स्टेंड के पास बीच रोड पर उसकी लाश मिलने के बारे में बताया। इसके बाद जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवाए गए शव की जानकारी दी।

## जूनिया -हिंगोनिया मार्ग पर डम्पर फंसने से मार्ग हुवा जाम -एक किलोमीटर तक लगी वाहनो की कतारे

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** केकड़ी क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के कारण डाई नदी उफान पर आने से केकड़ी जयपुर मार्ग बंद होने के कारण भारी वाहन वेकल्पिक मार्ग का उपयोग कर रहे है जूनिया से हिंगोनिया रास्ते पर लगा एक किलोमीटर लंबा जाम गाड़ियों की लगी लंबी लंबी कतारें लगीद्य ओवरलोड रेत के डंपर के कीचड़ में फंस जाने से रास्ता हुआ अवरुद्ध पिछले 2 घंटे रास्ता जाम होने के का लोगो का बुरा हाल हो गया है दर्जनों डंपर अभी इस रास्ते पर जाम में डटे हुए है केकड़ी जयपुर रास्ता बंद होने से इस मार्ग से जा रहे सारे साधन पर बेखौफ बजरी वाले डंपरों की वजह से इस रोड का भी बहुत बुरा हाल हो चुका है

## स्पोर्ट्स लीग 2025 में 47 मेडल जीत कर केकड़ी ने रचा इतिहास




किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** जयपुर के SMS स्टेडियम में आयोजितहुईनेशनल टैलेंट स्पोर्ट लीग चैंपियनशिपप्रतियोगिता में भाग लेकर केकडी ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए 13 गोल्ड मेडल, 15 सिल्वर मेडल और 19 ब्रॉन्ज मेडल समेत कुल 47 मेडलअपने नाम किए, कोच निलेश नामा ने बतायाकि मारुति मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियोंने मेडल अपने नाम कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है, इस उपलब्धि पर पूरे शहरवासियों ने केकडी के खिलाड़ियों ने रचा आज तक का सबसे बड़ा इतिहास और पूरे राज्य भर में केकड़ी का नाम रोशन किया है शहर वासियों ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुये उज्जवल भविष्य की कामनाये की है

## त्रिवेणी तीर्थ धाम में काल सर्प रुद्राभिषेक पाठ

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** त्रिवेणी तीर्थ धाम में काल सर्प रुद्राभिषेक पाठ पंडितो द्वारा किए गए।इस दौरान राजकुमार सोनू आचार्य देवली ओमप्रकाश व्यास दुर्गाशंकर भट्ट पंकज भट्ट शिव प्रकाश भट्ट जयप्रकाश भट्ट आदि द्वारा नाग पंचमी पर त्रिवेणी तीर्थ स्थल पर अभिषेक किया गया। शिव भक्तो की भीड़ अपार भीड़ बनी रही। भक्तों ने जय घोष शिव भोले की जय कारे से त्रिवेणी संगम में शिव भोले मंत्र से महिलाओं ने भी शिवलिंग पर बिली पत्र चढ़ाए विद्वानों ने पूजा पाठ के बाद महाआरती की। तत्पश्चात भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। नाग पंचमी पर जलेश्वर महादेव कुंड का महादेव लोहडा महादेव आदि शिव मंदिरों पर भी आज नाग पंचमी की विशेष पूजा अर्चना हुई।

## भूत बावजी सेवा संस्थान की कार्यकारिणी गठित, नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी गई शुभकामनाएं

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा ।** भूत बावजी सेवा संस्थान की साधारण बैठक आज श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में भूत बावजी धार्मिक स्थल पर आयोजित हुई। बैठक में संस्थान के विधिवत गठन को लेकर विचार-विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों और वरिष्ठजनों की सहमति से संस्थान की कार्यकारिणी निम्नानुसार घोषित की गई, संरक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा, रामप्रसाद मीणा, अर्जुन सिंह राठौड़, भोपाल जी गुर्जर, अध्यक्ष गौतम जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गगन प्रकाश सेन, श्यामसुंदर तोषनीवाल, उपाध्यक्ष दीपक (लंकेश) पाराशर, सचिव रतिरंजन शर्मा, संगठन मंत्री दुर्गा लाल जोशी, कोषाध्यक्ष सुभाष भंडारी, प्रवक्ता योगेश माली आदि शामिल है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शेष कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं और अपेक्षा की गई कि वे संस्थान तथा भूत बावजी धार्मिक स्थल के विकास के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे। बैठक का समापन धार्मिक स्थल के संरक्षण और सामाजिक कल्याण की दिशा में मिलकर कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

## गौड सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा व सचिव बने मनोज



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** स्थानीय गौड़,सनाढ्य ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी गठित, सर्व सम्मति से सेवानिवृत पुलिस उपनिरीक्षक सुरेंद्र मिश्रा बने अध्यक्ष व कैलाश शर्मा उपाध्यक्ष एवं पत्रकार मनोज शर्मा सचिव बनाये गए। मंगलवार को गौड़,सनाढ्य ब्राह्मण समाज की बैठक "अभ्युदय शास्त्रीनगर में हुई। बैठक में समाज के पूर्व अध्यक्ष स्व. के. डी. मिश्रा के कार्यों को याद करके उन्हे भावभीनी श्रद्धांजंलि दी गयी।समाज की गतिविधियों को सुचारु रखने के लिए उपस्थित समाजजनो ने सेवानिवृत पुलिस उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार मिश्रा को अध्यक्षता के लिए आग्रह किया। सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने समाजजनो के आग्रह को विनम्रता पूर्वक स्वीकार किया। सुरेंद्र मिश्रा को अध्यक्ष चुना गया तथा उन्हे अपनी कार्यकारिणी गठन करने का अधिकार दिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष की अनुमति से उपाध्यक्ष पद हेतु कैलाश चन्द्र शर्मा व सचिव पद हेतु मनोज कुमार शर्मा को नियुक्त किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारीयों को बधाई देते हुए दुपट्टा ,माला पहनाकर मुंह मीठा करवाया। मनोनीत अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष सचिव से कार्यकारणी विस्तार व नवीन कार्य हेतु आग्रह किया गया। इस दौरान समाज बंधु अमित आत्रेय , कमल शर्मा (अध्यापक), बुद्धि प्रकाश शर्मा (हिंदुस्तान जिंक) राधा वल्लभ शर्मा,गोलू शर्मा सहित मौजूद थे।

# कुंडिया कलॉ ग्रामवासियों ने सरपंच-सचिव पर फर्जी पट्टे जारी करने का लगाया आरोप

किस्मत भीलवाड़ा

**जिला कलेक्ट्री पर प्रदर्शन,सौंपा ज्ञापन**



**भीलवाड़ा।** बनेड़ा तहसील की ग्राम पंचायत कुंडिया कलॉ के ग्रामीणों ने सरपंच व सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए श्रेत्र के ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया, साथ ही जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत की पुरानी दुकानों को मनमर्जी से ध्वस्त कर, मिलीभगत से गुपचुप तरीके से तीन नई दुकानों का निर्माण कर फर्जी पट्टे जारी किए गए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में न तो कोई प्रस्ताव पारित किया गया और न ही नीलामी प्रक्रिया अपनाई गई, जिससे राजकोष को नुकसान पहुंचाया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आबादी क्षेत्र की आराजी संख्या 1446/1 की भूमि को भी बिना नीलामी प्रक्रिया अपनाए, कोड़ियों के भाव में अवैध रूप से फर्जी पट्टे जारी कर खुर्द-बुर्द किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में वे पूर्व में विकास अधिकारी व उपखंड अधिकारी को भी शिकायत दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से फर्जी पट्टों को निरस्त करने व दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस पूरे मामले से ग्रामवासियों में भारी आक्रोश है।

## नाग पंचमी के अवसर पर भगवान शिव का किया दुग्धाभिषेक।



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** स्थानीय श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में भगवान श्री नीलेश्वर महादेव का मंगलवार को नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओ ने दुध से अभिषेक किया नाग देवता का पूजा अर्चना की गई ।
बालाजी मंदिर महंत पवन दास ने बताया है कि नाग देवता भगवान शिव के प्रिय माने जाते हैं इसलिए नाग पंचमी के दिन शिवलिंग का कच्चे दूध से अभिषेक रुद्राभिषेक किया गया है, शिव परिवार की पूजा विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई है। श्रद्धालु महेंद्र टाटीवाल की ओर से चांदी का नाग देवता शिवलिंग पर भेंट किया गया। इस दौरान पुजारी अजय वैष्णव, पार्षद महावीर लढा, उमेश मकवाना, सुनील जांगिड़ सहित भक्तजन मौजूद थे।

## बड़लियास थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित, त्योहारों को लेकर शांति और सुरक्षा की अपील

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा** आगामी त्योहारों को लेकर बड़लियास थाना परिसर में सीएलजी ( सिटीजन लॉयजन ग्रुप ) सदस्यों की बैठक मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित की गई । बैठक एएसआई जेठमल के सानिध्य में आयोजित हुई । इस दौरान उन्होंने उपस्थित सदस्यों से कहा सावन माह में कावड़ यात्रा, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और मोहर्रम जैसे प्रमुख त्योहार भी हैं,? इन पर्वों को शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग के साथ मनाने की अपील की । इस दौरान बड़लियास प्रशासक प्रकाश चन्द्र रैगर, पूर्व सरपंच सत्यनारायण काबरा जगदीश पोरवाल, सीआर दिलीप सिंह, जगदीश पोरवाल, लादू लाल व्यास, मोहिद्दीन मंसूरी, जाकिर मंसूरी, देवकरण आचार्य, पूर्व सीआ मुकेश पालड़िया, मदन कुम्हार, राजू सिसौदिया, पूर्व सरपंच राधेश्याम पोरवाल, राकेश जायसवाल, नंद लाल सुथार आदि कई मौजूद रहे ।

## स्वर्णकार समाज सामूहिक बैठक संपन्न

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा।** उपनगर पुर में स्वर्णकार समाज सामूहिक बैठक संपन्न हुई जिसमे सर्व सम्मिती से निर्विरोध रूप से अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश सीकड़ सचिव कन्हैया लाल सोनालिया कोषाध्यक्ष विजय कुमार सीकड़ दिनेश जांगलवा उपाध्यक्ष योगेश सीकड़, अनिल सीकड़ मुकेश सोनालिया मंत्री पद पर मनोज जांगलवा मनीष सीकड़ धीरज जांगलवा को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पुर स्वर्णकार समाज द्वारा पूर्व समाज अध्यक्ष बंशी लाल सोनी का व समाज मे विशेष योगदान देने पर योगेश सोनी एवं भाजपा गणेश मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर मुकेश सोनी का समाज के वरिष्ठ बंधुओ द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर समाज के द्वारा भगवान शिव का अभिषेक करवाया गया एवं महिलाओ द्वारा भजन कीर्तन किया गया।

## बन का खेड़ा मे आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का औचक निरीक्षण एवं चरक जयंती मनाई गयी

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** आयुष्मान आरोग्य मन्दिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय बन का खेड़ा आज 29 जुलाई को नाग पंचमी के अवसर पर चरक जयन्ती मनाई गयी! आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश वैष्णव ने बताया की डॉ. रमेश चंद मीणा अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय अजमेर और डॉ समय सिंह मीणा सहायक औषधि नियंत्रक अजमेर के द्वारा चरक पूजन किया गया! इस अवसर पर डॉ रमेश चंद मीणा और डॉ समय सिंह मीणा के द्वारा औषधालय का निरीक्षण किया , आवश्यक सुझाव दिये! उपरोक्त अधिकारीयो के द्वारा हर्बल गार्डन, योग स्थल, औषधियो आदि का निरीक्षण किया गया! आयुष नर्स लाड़ आचार्य, परिचारक शांता देवी,हरूआशा धोबी एवं आशाये जुबेदा, विमला, सीमा, गायेत्री के द्वारा भी आयुष्मान आरोग्य मंदीर के बारे मे पूछा गया है! एक संगोष्टि भी आयोजित हुई जिसमे आचार्य चरक के बारे मे बताया गया!

## लोकेंद्र सिंह की 11.वीं पुण्यतिथि मनाई

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह राजोरा की 11वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई । मंगलवार को लोकेंद्र सिंह के परिजनों द्वारा पुण्यतिथि पर कस्बे के आंगनबाड़ी में अध्यनरत छोटे-छोटे 172 बच्चों को पानी की बोतल वितरित की गई इस दौरान स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आकोला पशु चिकित्सा अधिकारी अनिमेष जांगिड़ ,हितेंद्र राजोरा ,सुशीला देवी राजोरा, प्रतापकीर्ती राजोरा , जसवंत पारीक ,विकास पाराशर ,मीना चौधरी ,अंतिम बाला तिवारी , इंदुबाला शर्मा , मंजू देवी उपाध्याय ,मंजू देवी जोशी , प्रेम देवी पाराशर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सगतपुरिया में चरक जयंती मनाई गयी

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** चरक जयंती के अवसर पर राजकीय आयुर्वेद औषधालय ,॥ङ्ख्ष्ट सगतपुरिया में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया डॉ सावित्री गोचर द्वारा पूजन कर शिविर का प्रारंभ किया गया ।
शिविर में बरसात के मौसम में होने वाले त्वचा रोग ,
प्रतिरक्षा तंत्र से संबंधित व्याधियां , बीपी , शुगर , बाल रोग , जीर्ण व्याधियों आदि रोगों का निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा उपचार किया गया । शिविर के अंत में वृक्षारोपण कर शिविर का समापन किया गया इस अवसर पर आयुर्वेद नर्स श्री मति मीना कुमारी मीणा परिचारक श्री हीरालाल बलाई योग प्रशिक्षक श्री चेतन प्रकाश लोधा तथा सीमा पारीक मंजू बारेट भंवर त्रिवेदी कांता त्रिवेदी महावीर जोशी चंद्रवीर सिंह ग्रामवासीआदी मौजूद रहे

## हुरडा प्रधान राठौड़ ने गौ उपचार केन्द्र मे एम्बुलेंस हेतु इक्कावन हजार की सहयोग राशि भेट की



**गुलाबपुरा** स्थानीय श्री माधव गौ उपचार केन्द्र मे बीमार, दुर्घटनाग्रस्त गौमाता को उपचार केन्द्र तक लाने के लिए एक एम्बुलेंस क्रय करने हेतु सहयोग राशि के लिए विभिन्न समाजसेवी, भामाशाह, आमजन बढ चढ कर आगे आकर सहयोग दे रहे है, इसी क्रम मे मंगलवार को समिति का एक प्रतिनिधि मंडल पंचायत समिति हुरडा प्रधान कृष्णा सिंह राठौड़ से एम्बुलेंस सेवा निमित संपर्क किया जिसमें उन्होंने श्री माधव गौ उपचार केंद्र को 51,000 रुपया का अपना योगदान समर्पित किया। प्रधान राठौड़ समय समय पर जन्मदिवस पर वैवाहिक वर्षगांठ एवम् अन्य मांगलिक अवसरों पर श्री माधव गौ उपचार केंद्र को सहयोग करते रहते है। इस अवसर पर उपचार केंद्र के सांवर लाल भील, मुकेश कुमार शर्मा, सत्यनारायण प्रजापत, नवनीत जांगिड, जगदीश चौबे, मंथन वैष्णव सहित समिति सदस्य मौजूद थे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व पर्यवेक्षक प्रशिक्षण का किया औचक निरीक्षण

## "फॉर्म भरने से लेकर मतदाता सहायता तक, जिम्मेदारी से करें कार्य -जिला निर्वाचन अधिकारी

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या विद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों से संवाद करते हुए उन्हें मतदाता सूची के शुद्धिकरण संबंधी कार्यों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और सावधानी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फॉर्म संकलन, जन्मतिथि सत्यापन, मतदाता सहायता, और बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के प्रति उत्तरदायित्व को लेकर सभी बीएलओ को स्पष्ट और व्यवहारिक समझ होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि हर बीएलओ को यह स्पष्ट रूप से पता होना चाहिए कि उसे कितने पात्र मतदाताओं को जोड़ना है। हर फॉर्म को नियमों के अनुरूप जांचकर ही स्वीकार या अस्वीकार किया जाए। अगर किसी प्रक्रिया को लेकर शंका हो तो तुरंत मास्टर ट्रेनर या वरिष्ठ अधिकारी से स्पष्ट करें। उन्होंने फॉर्म की गंभीरता, दस्तावेजों की प्रमाणिकता और अनुक्रमांक के क्रम में दर्ज करने की प्रक्रिया को सही तरीके से समझने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 11 आवश्यक दस्तावेजों की सूची के बारे में मास्टर ट्रेनर्स से जानकारी अवश्य लें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी और सहभागी बनाने के लिए इसे छोटे-छोटे समूहों में आयोजित किया गया है ताकि हर बीएलओ और पर्यवेक्षक को पर्याप्त समय और स्पष्टीकरण मिल सके। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ओमप्रकाश मेहरा ने भी प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, अच्छे से सीखें और यदि कोई संशय हो तो 'डाउट सेशन' के माध्यम से उसे तुरंत क्लियर करें। इसी से कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान बीएलओ के कार्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें लोकतंत्र की पहली कड़ी बताया गया और प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग से लेने की अपील की गई। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह, तहसीलदार दिनेश साहू सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## आवेदनों की जांच के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा** नगर विकास न्यास क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनों की त्वरित जांच के लिए अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। सचिव ललित गोयल द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने प्रभारी अधिकारियों के निर्देशन में कार्य करेंगे। डॉ. अब्दुल कलाम योजना व नयापुर योजना के प्रभारी चिमनलाल मीणा, सुखाड़िया नगर व तिलक नगर के प्रभारी राजू बड़ारिया, पंचवटी योजना में वीना अग्रवाल, पटेल नगर योजना में संजय सिंघल तथा पटेल नगर विस्तार व आरपी लढ़ा योजना में नीरज रावत को प्रभारी नियुक्त किया गया है। संबंधित अधिकारियों की टीमों ने आवेदनों की जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

## जन्माष्टमी पर संकटमोचन हनुमान मंदिर में सजेगी 25 से अधिक झांकियां

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** भीलवाड़ा के संकटमोचन हनुमान मंदिर पर इस बार जन्माष्टमी पर्व (16 अगस्त) पर भव्य झांकियां और रंगीन सजावट के साथ विशेष आयोजन होगा। महंत बाबूगिरीजी महाराज के सान्निध्य में होने वाले इस आयोजन में भगवान कृष्ण की लीलाओं को दर्शाती 25 से अधिक विद्युतचलित झांकियां मुख्य आकर्षण होंगी। इन झांकियों के माध्यम से कारागृह में जन्म, पूतना वध, कंस वध, कृष्ण-सुदामा मिलन सहित अनेक प्रसंगों के साथ सामाजिक संदेश भी दिए जाएंगे। हनुमानजी को इस अवसर पर डायमंड चोला चढ़ाया जाएगा। आगरा, मथुरा व दिल्ली से आए कलाकार झांकियों को अंतिम रूप देंगे। शाम 5 बजे से दर्शन प्रारंभ होंगे और रात्रि 12 बजे भगवान लड्डू गोपाल का पंचामृत अभिषेक व भोग के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन में आकर्षक रोशनी व सजावट भी विशेष आकर्षण रहेगी।

## क्रोध पर क्षमा का दीपक जलाएं, होगा आत्मकल्याण - महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा.

किस्मत भीलवाड़ा



भीलवाड़ा, नाग पंचमी पर दिवाकर कमला दरबार में 22वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथजी का जन्मकल्याणक समारोह महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. के सान्निध्य में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। उन्होंने प्रवचन में कहा कि जिसने क्रोध पर नियंत्रण पा लिया, वह मोक्ष का मार्ग तय कर सकता है। जीवन में क्षमा का दीपक जलाने से आत्मा का कल्याण संभव है। महासाध्वीजी ने चण्डकौशिक सर्प प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि क्रोध में जीने से जीवन में अवनति आती है, जबकि क्षमा से उन्नति का मार्ग खुलता है। इस अवसर पर स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने प्रेरणादायी भजन प्रस्तुत किया। वास्तुशिल्पी साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने पंच महाव्रतों की महत्ता बताई, वहीं साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ। हितांशी खटोड़ ने पांच उपवासों का प्रत्याख्यान लिया, जबकि कई श्रावकों ने तेला, उपवास व आयम्बिल तप स्वीकार किए। कार्यक्रम में मुंबई से पधारे अतिथियों सहित कई श्रावकों का स्वागत आयोजन समिति द्वारा किया गया। धर्मसभा का संचालन राजेन्द्र सुराना ने किया। चातुर्मास के तहत प्रतिदिन सुबह 8.45 से 10 बजे तक प्रवचन आयोजित हो रहे हैं।

## सहकारी समितियों की रैंकिंग सुधार को लेकर प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार होंगे - मंजू राजपाल

किस्मत भीलवाड़ा

**जयपुर/भीलवाड़ा, 29 जुलाई।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'सहकार से समृद्धि' अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनसीडी पोर्टल पर प्रदर्शित आंकड़ों और वास्तविक डेटा में अंतर को शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों की रैंकिंग में सुधार के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार कर पैक्स व्यवस्थापकों को जागरूक किया जाए, जिससे वे रैंकिंग के पांच प्रमुख मापदंडों - पहचान, गतिविधियां, भौतिक संरचना, वित्तीय प्रदर्शन एवं लेखा परीक्षण - पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। राजपाल ने 50 से कम अंक पाने वाले पैक्स को चिन्ता का विषय बताते हुए इनमें सुधार के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने 'सहकार से समृद्धि' में अग्रणी जिलों को पुरस्कृत करने की बात कही ताकि अन्य जिलों को प्रेरणा मिल सके। बैठक में भारतीय बीज सहकारी समिति, राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL) और राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (NCEL) की सदस्यता को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के तहत अब तक 4,140 पैक्स के उन्नयन की जानकारी दी गई। शेष पैक्स को प्रशिक्षण व लाइसेंस प्रक्रिया से जोड़ने हेतु 15 दिनों की कार्ययोजना बनाई जाएगी।

## परिवार में समभाव जरूरी, नहीं तो टूट जाएगा बड़ा परिवार - मुनि अतुल कुमार



किस्मत भीलवाड़ा

**देवगढ़/राजसमंद** देवगढ़ में चातुर्मास कर रही साध्वी प्रसन्न यशा जी ठाणा-3 से मुनि श्री अतुल कुमार जी का आध्यात्मिक मिलन हुआ। रात्रिकालीन प्रवचन में मुनिश्री ने कहा कि यदि परिवार में छोटी-छोटी बातों को तूल दिया जाएगा, तो बड़ा परिवार भी धीरे-धीरे बिखरता चला जाएगा। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति विष से भी नहीं मरता, जबकि नकारात्मक सोच वाला दवा से भी नहीं बच पाता। इसलिए परिवार में एक-दूसरे की कमियों के बजाय अच्छाइयों पर ध्यान दें और आपसी विश्वास, प्रेम व सहयोग बनाए रखें। मुनिश्री ने कहा कि बंटवारे की ताकत दिखाने से परिवार टूटते हैं। परिवार की एकता बनाए रखने के लिए एक-दूसरे का सहारा बनें और पीठ पीछे निंदा न करें। इस अवसर पर ईश्वरलाल जैन, चंद्रप्रकाश आच्छा, हेमराज जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुनिश्री 31 जुलाई को सिरियारी स्थित आचार्य भिक्षु समाधि स्थल पहुंचेंगे।

## उमराह जियारत जाने वाले यात्रियों का ग्रामीणों ने किया स्वागत

किस्मत भीलवाड़ा



**आकोला** कस्बे में उमराह जियारत के मुबारक मौके पर पैगंबर इस्लाम मोहम्मद साहब सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के रोजे मुबारक मक्का शरीफ मदीना शरीफ उमराह पर जाने वाले यात्रियों का परिजनों व ग्रामीणों ने माला पहनकर स्वागत किया और उमराह जाने वाले मक्का मदीना शरीफ की खूबसूरत तस्वीर अल्लाह मोहम्मद की तस्वीर भेंट की मदीने वाले को मेरा सलाम कहना व सभी के लिए खुशहाली सुख समृद्धि व अमन चैन की दुआ करना इस्लाम धर्म के पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना शरीफ की जियारत में उमराह पर जाने वाले मोहम्मद खुदा बख्श रंगरेज व उनकी एहेलियां शरीफन बानू के मक्का मदीना शरीफ जाने वाले यात्रियों का मुस्लिम जनोने स्वागत किया कहा कि मदीने वाले को मेरा सलाम कहना सभी के लिए खुशहाली सुख समृद्धि अमन चैन की दुआ करना इस्लाम धर्म के पवित्र तीर्थ स्थल मक्का में मदीना शरीफ की जियारत पर जाने वाले क्षेत्र यात्रियों का मुस्लिम जनों ने स्वागत किया इस मौके पर महबूब, फारूक मोहम्मद निजामुद्दीन, मकबूल, गफ्फार, कमरुद्दीन, रफीक मोहम्मद, अल्ताफ मोहम्मद, आरिफ मोहम्मद, रियाज शराफत अली मोइनुद्दीन, सलमान इमरान इरफान शाहरुख अल्पेश आवेश मकबूल हुसैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## फर्जी तरीके से तैयार करवाई पॉवर ऑफ अटॉर्नी महिला ने धोखाधड़ी कर बेचे 17 प्लॉट,पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

किस्मत भीलवाड़ा

**जोधपुर** जोधपुर की उदय मंदिर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर फर्जी और कूटरचित पॉवर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर 17 प्लॉट का बेचान कर रुपए हड़पने वाली आरोपी महिला और उसकी साथी महिला को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना अधिकारी सीताराम खोज ने बताया कि राजकुमारी मित्तल निवासी न्यू पावर हाउस रोड शास्त्री नगर जोधपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। बताया कि उसका रजत एनक्लेव झालामंड जोधपुर स्थित 17 प्लॉट का सरिता डालमिया ने अन्य के साथ मिलकर उसकी सास सीता देवी के पक्ष में फर्जी और पॉवर ऑफ अटॉर्नी तैयार करवा दी और सीता देवी के रूप में किसी अन्य महिला को खड़ा कर कुल 17 प्लॉट का अलग-अलग व्यक्तियों को बेचान कर दिया। उसकी रिपोर्ट पर अलग-अलग 17 मामले दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि सरिता डालमिया ने अपनी भाभी से अपनी माता के पक्ष में फर्जी और कूटरचित पॉवर ऑफ अटॉर्नी तैयार की। लोगों को झांसा देने के लिए बैंक में खुद और रिपोर्ट दर्ज करवाने वाली प्रार्थिया के नाम से फर्जी जॉइंट अकाउंट खुलवाए। आरोपी सरिता ने अपनी मां सीता देवी की जगह अपने पास नौकरी कर रही महिला भंवरी को भी उप पंजीयन कार्यालय में ले जाकर प्लॉट को अलग-अलग व्यक्तियों को बेचान कर दिया। इस मामले में पुलिस ने सरिता डालमिया पत्नी शिवगोपाल डालमिया निवासी द्व2 समृद्धि कंपलेक्स सरदारपुरा जोधपुर व भंवरी देवी पत्नी ओमप्रकाश निवासी सुभाष कॉलोनी भगत की कोठी को गिरफ्तार किया। दोनों महिलाओं से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## करंट वाले बालाजी मंदिर में नाग पंचमी के अवसर पर शिव जलाभिषेक करते हुई बालाजी के आकर्षक चौला चढाया गया



**गुलाबपुरा** स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कोलोनी में स्थित करंट वाले बालाजी मंदिर में श्री बालाजी महाराज के नाग पंचमी के अवसर पर करंट वाले मंदिर के शिवलिंग का जलाभिषेक करते हुई श्री हनुमान जी के आकर्षक चौला चढाया गया। पुजारी परमेश्वर दाधीच ने बताया कि श्री बालाजी के विभिन्न धार्मिक अवसरो पर धार्मिक पर्व के अनुसार आकर्षक चौला चढाया जाता है।

### आसींद बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही

## आसींद बिजली विभाग का 11000 kv का पोल बना सेल्फी प्वाइंट

किस्मत भीलवाड़ा



**आसींद** श्मशान घाट के पास में बने नगर पालिका वाहन गैराज के सामने लगा बिजली के पोल बेल व कंटिली झाडीयों से लिपटकर खतरे को दर्शा रहा है वार्ड वासी शाम के वक्त टहलने निकलते है और सेल्फी लेते हैं। वही 20 फीट दूरी पर आंगनवाड़ी स्थित है लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी मेंटेनेंस को लेकर बार-बार लाइट काटते हैं लेकिन वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही इस पोल में छलक रही है आसींद बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण 11000द्व1 का पोल खतरे का सबब बन गया है। यह पोल श्मशान घाट के पास नगर पालिका वाहन गैराज के सामने लगा हुआ है और बेल व कंटीली झाड़ियों से लिपटा हुआ है, जो खतरे को दर्शा रहा है। वार्ड वासी शाम के वक्त टहलने निकलते हैं और सेल्फी लेते हैं, जो और भी खतरनाक हो सकता है। आंगनवाड़ी केंद्र भी पास में ही स्थित है, जो बच्चों के लिए खतरा बन सकता है। बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। पूर्व में भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां बारिश के दौरान शॉर्ट सर्किट से जोरदार धमाके हुए और पूरे इलाके में डर का माहौल बन गया। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

**बिजली विभाग की लापरवाही से बचाव के उपाय**

बिजली विभाग को पुराने और लटकते तारों को तुरंत बदलना चाहिए।

- जलभराव वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रोकना बारिश के दौरान जलभराव वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को रोकना चाहिए।
- चेतावनी बोर्ड लगाना खतरे वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाना चाहिए।
- नियमित मेंटेनेंस बिजली विभाग को नियमित मेंटेनेंस करना चाहिए और लापरवाही से बचना चाहिए

## सूर्यप्रताप सिंह राजपुरोहित भारतीय सेना की चिकित्सा सेवा में चयनित

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज** मॉडर्न डिफेंस स्कूल, शिवगंज के पूर्व छात्र सूर्यप्रताप सिंह राजपुरोहित उर्फ राजा का चयन शॉर्ट सर्विस कमीशन के माध्यम से भारतीय सेना की सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (AFMS) में कैप्टन पद पर हुआ है। संस्था के सहायक निदेशक भानुप्रताप सिंह राजपुरोहित ने बताया कि सूर्यप्रताप ने प्रारंभिक शिक्षा मॉडर्न डिफेंस स्कूल से प्राप्त कर नेपाल से MBBS किया। सूर्यप्रताप ने अपनी सफलता का श्रेय माता निशा कंवर, पिता नरेंद्र सिंह, चाचा जगजीत सिंह, भाई भानुप्रताप सिंह और गुरुजनों को दिया। गौरतलब है कि सूर्यप्रताप तीसरी पीढ़ी के रूप में सेना में शामिल हुए हैं। उनके दादा सेना में मेजर रहे, जबकि पिता नरेंद्र सिंह सैनिक स्कूल चित्तौड़ के पूर्व छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। निदेशक नरेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ एवं हॉस्टल टीम ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिवगंज के पीएम श्री स्कूल में अतिथि शिक्षकों की भर्ती

किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज** स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु अतिथि शिक्षकों की अस्थायी नियुक्ति की जाएगी। प्रधानाचार्य सज्जन सिंह ने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के लिए कुल 11 विषयों में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को अगस्त से 31 अक्टूबर तक उपचारात्मक अध्यापन कार्य करना होगा। मानदेय ?300 प्रति घंटे तय किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ 31 जुलाई तक विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। नियुक्ति अधिगम क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के तहत होगी।

## केदारनाथ यात्रा से लौटे दंपती का पौधा भेंट कर स्वागत



किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज।** श्री गोकुल मित्र मंडल व एक व्यक्ति एक पौधा मिशन के संयुक्त तत्वावधान में केदारनाथ महादेव यात्रा से लौटे उषा अग्रवाल और सतीश अग्रवाल दंपती का पर्यावरणीय परंपरा अनुसार तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश कुमावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद माली और अध्यक्ष मनीष सोनी ने तुलसी पौधा, तस्वीर व माला पहनाकर स्वागत किया। उषा अग्रवाल ने पौधा-रस्म द्वारा पर्यावरण चेतना फैलाने के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में सुरेश प्रजापत, अर्जुन गेहलोत, संजय सुथार, दिलीप सोनी, श्रवण प्रजापत सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

### नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन

## वार्ड 36 के नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आयोजन के उन्नीसवे दिन वार्ड 19 में महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व एवं पार्षद सुशीला जैन की उपस्थिति में आयोजन संपन्न हुआ। पंडित योगेन्द्र शर्मा एवं सहयोगी पंडितों ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ सहस्त्रधारा अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान राजेंद्र जैन, हरनारायण माली, बी एल माहेश्वरी, कैलाश मूंदड़ा, माधव लाल श्रोत्रिय, राजू लाल पूर्बीया, सुरेश चंद्र छापरवाल, शांतिलाल गांधी, जगदीश देवपुरा, अरविन्द झामड़, मदन गट्टाणी, जगदीश समदानी, पंडित सत्यनारायण श्रोत्रिय, ओमप्रकाश बुलिया, शिव बुलिया, घनश्याम दाधीच, के जी बियाणी, सत्यनारायण शर्मा, ओम प्रकाश गंडोदिया, के जी गंडोदिया, शिव बुला, आर एस चंदेल, प्रहलाद गर्ग, महावीर लड्ढा, केदार झंवर, कालूलाल सोनी, सत्यनारायण दाधीच, रमेश काबरा, दिनेश टेलर, दिनेश शर्मा, पुजारी शिव पाराशर एवं संजय कॉलोनी महिला मंडल सहित अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

**आज वार्ड 67 और 68 में संयुक्त होगा सहस्त्रधारा अभिषेक**

नगर निगम द्वारा आयोजित श्रावण मास सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज सायं 4 बजे वार्ड 67 और 68 का कार्यक्रम संयुक्त रूप से मालोला चौराहा स्थित चारभुजा मंदिर में होगा।

### *"सुरक्षित भविष्य की दिशा में जिला कलेक्टर की पहल"*

## जिला कलेक्टर के आदेशानुसार असुरक्षित राजकीय भवनो का किया जा रहा है सघन निरीक्षण

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु के आदेशों की अनुपालना में गत दो दिवसों से 6 सदस्यों की उपखंड स्तरीय कमेटी द्वारा जिले के समस्त विद्यालयों (सरकारी एवं आवश्यकता अनुसार निजी) और आंगनबाड़ी केन्द्रों का सघन निरीक्षण जारी है साथ ही जिला कलेक्टर के आदेशानुसार समस्त जिला स्तरीय अधिकारियो द्वारा भी सुरक्षित व जर्जर राजकीय भवनों, विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया जा रहा हैं जिस की असुरक्षित, जर्जर और क्षतिग्रस्त भवनों की पहचान की जा सके और हादसों की संभावनाओं को रोका जा सके। इस कार्य के लिए जिला कलेक्टर द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया था, जिसमें उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी और अधिशासी/सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग शामिल हैं। जिला कलेक्टर द्वारा इस कार्य की विशेष की विशेष मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को भी भवनो के निरीक्षण हेतु निरीक्षित किया गया है जिला कलेक्टर द्वारा कमेटी को निर्देश दिया गया है कि वे 3 दिवस में समस्त विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों व राजकीय भवनों का सघन निरीक्षण करे। आदेशों की अनुपालना में असुरक्षित भवनों का गहनता से निरीक्षण किया जा रहा है एवं आगामी दिवस में कमेटी जिला कलेक्टर के समक्ष विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी जिला प्रशासन का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करें और किसी भी असुरक्षित भवन की जानकारी जिला प्रशासन को दें।

# मतदाता सूची मामले में देश को गुमराह कर रहा विपक्ष



डॉ. आशीष वशिष्ठ

वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था।

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पूरा हो चुका है। बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध जारी है। हालांकि विपक्ष के तीखे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं।

वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 23 जून को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के पहले कांग्रेस ने केवल 8586 बीएलए लगाए थे। लेकिन 25 जुलाई को प्रक्रिया समापन के वक्त कांग्रेस के 17549 बीएलए नियुक्त रहे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करने के बावजूद इसके लिए 105 फीसदी बीएलए बढ़ाए।

भाजपा के 53338 बीएलए प्रकिया का हिस्सा बने। राष्ट्रीय जनता दल के 47506 बीएलए प्रक्रिया में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के 36550 बीएलए शामिल हुए। लेफ्ट पार्टियों ने एसआईआर प्रक्रिया की शुरूआत में दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन आखिर तक इन पार्टियों ने भी बीएलए की संख्या बढ़ाई। बिहार में 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बने। किसी तरह की अनियमितता होने पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ता तुरंत अपना विरोध कर सकते हैं, लेकिन अब तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जहां विपक्षी दलों के कार्यकताओं ने इसकी शिकायत की हो। केवल विपक्ष के नेता ही इस तरह की बात कर सनसनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष का असली चेहरा और चरित्र यही है। वो एक और देशवासियों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को धूमिल करने का कुकृत्य करता है, तो वहीं दूसरी और कानून प्रक्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेता है।



बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। हालांकि देश की राजनीति के लिए यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी राजनीतिक दल ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी हो। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में अनेक बार कुछ राजनीतिक दलों और अतिवादी संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की धमकी दी। आपातकाल के बाद भी प्रमुख विपक्षी दलों ने चुनाव के बहिष्कार करने की बात की थी। हालांकि इसके बावजूद वहां चुनाव हुए और उन सभी लोगों ने चुनाव में हिस्सा भी लिया और जीत हासिल की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का मुद्दा अपनी स्टाइल में उठा रहे हैं। वो केंद्र की बीजेपी सरकार पर वोटों की चोरी का आरोप लगा रहे हैं। वोटिंग में गड़बड़ी का इल्जाम तो राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगाने लगे थे, लेकिन अब ज्यादा जोरदार तरीके से उसे उठा रहे हैं। राहुल गांधी महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन बाकी चुनावों के मामले चुप्पी साध लेते हैं।

राहुल गांधी पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग पर तल्ख, अमर्यादित और अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। असल में राहुल गांधी चुनाव आयोग और चुनाव मशीनरी को दबाव में लेना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुले मंच से यह घोषणा कर चुकी हैं कि वे बंगाल में एसआईआर नहीं होने देंगी। विपक्ष के कई दूसरे नेता भी एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान मोहब्बत की दुकान, संविधान की रक्षा और संविधान की कॉपियां लेकर देशभर में घूमते थे। और भाजपा पर संविधान विरोधी होने और संविधान बदलने का आरोप लगाते थे। यही इनका मूल चरित्र है।

2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने भाजपा के सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने का खतरा होने का मुद्दा उठाया था। इससे कांग्रेस को अच्छी सफलता मिली थी। उसी तरह विपक्ष लोगों के बीच वोट खोने का डर और चुनाव में गड़बड़ी का मुद्दा उठाकर बढ़त हासिल करना चाहता है। इससे वह सत्ता पक्ष पर दबाव बनाने के साथ-साथ जनता के बीच अपनी पकड़ भी मजबूत करना चाहता है। यदि जनता के एक प्रतिशत लोगों के मन में भी अपना वोट खोने का डर पैदा हो जाता है तो इससे पूरा चुनावी गणित बदल सकता है। कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल पूरी तैयारी के साथ इसी रणनीति पर काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

चुनाव आयोग ने केवल दूसरी जगह चले गए मतदाताओं, मृतकों और एक ही व्यक्ति के दो स्थानों पर मतदाता सूची में शामिल होने वाले मतदाताओं का नाम ही मतदाता सूची से हटाने की बात कही है, ऐसे में एसआईआर का विरोध पूरी तरह से अतार्किक है। चुनाव आयोग नियम कानून के तहत वोटर लिस्ट अपडेट कर रहा है। यह उसकी डयूटी का हिस्सा है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची जरूरी है। वास्तव में, मतदाता सूची पर विपक्ष का हंगामा केवल राजनीतिक स्टंट कर जनता का ध्यान अपनी ओर खींचने की कोशिश है। विपक्ष चुनावों में अपनी हार को देखकर अभी से बहाने की तलाश कर रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन और चुनाव आयोग पर बयानबाजी उसी का नतीजा है।

(स्वतंत्र पत्रकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### घोर लापरवाही

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़ में आठ श्रद्धालु मर गये तथा तीस से अधिक गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। यह मंदिर पहाड़ी पर है, जहां पहुंचने के लिए आठ सौ सीढ़ियां हैं। मृतकों में चार उप्र के व एक-एक बिहार व उत्तराखंड के बताए जा रहे हैं। सावन माह में मंदिर में भारी भीड़ होती है। बताया जा रहा है कि मंदिर से करीब सौ मीटर पहले ही धक्का-मक्की के चलते करीब लटक रहे तार को सहारे के लिए लोगों ने पकड़ने की कोशिश की, जिससे करेंट लगने से अफरा-तफरी मच गई। हड़बड़ाहट में कुछ लोगों के गिरते ही भगदड़ मच गई। हरिद्वार की शिवालिक पहाड़ियों पर बना यह मंदिर बिल्व पर्वत पर पौड़ी से तीन किलोमीटर दूर है। महंत इसे मंदिर परिसर के भीतर नहीं हुई घटना कह कर हाथ झाड़ रहे हैं और सरकार ने मुआवजा घोषित कर रस्म अदा कर दी। इसी समय उप्र के बाराबंकी के औसानेर मंदिर में मची भगदड़ में दो की मौत हो गयी। मृतक के भाई का आरोप है, वहां तार सुलगते देखा गया था। पूजास्थलों में चढ़ावा और श्रद्धालुओं को बटोरने की होड़ किसी से छिपी नहीं है। स्थानीय प्रशासन या राज्य सरकारें श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने का जिम्मा सलीके से लेने में क्यों असफल हैं। महीना भर पहले ही पुरी में रथ-यात्रा के दौरान मची भगदड़ में तीन भक्तों की मौत हुई है। उससे पहले गोवा में भंदिर उत्सव में भगदड़ में छह मरे थे और इसी जनवरी में तिरुपीति में भी छह श्रद्धालु कुचल कर मारे गए थे। देश के विभिन्न धर्मस्थलों में प्रतिवर्ष होने वाले इन धार्मिक आयोजनों के बारे में सबको पहले से खबर होती है। दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला मुल्क अपने बाशिंदों की जान को लेकर कितना संवेदनहीन हो रहा है। खासकर धर्म को अपना मुख्य एजेंडा बनाने वाली सत्ताधारी पार्टी का जिम्मा है कि वह भक्तों की सुरक्षा के प्रति लापरवाह रवैया बदले। किसी भी बड़े धार्मिक उत्सव/त्योहार को लेकर आयोजकों, मंदिर व्यवस्थापकों व स्थानीय प्रशासन व पुलिस को चेतावनी देनी होगी। समाज में धर्मपरायण व मान्यताओं के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वालों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। विशेष अवसरों पर पूजा-अर्चना करने वालों की संख्या साल-दर-साल बढ़ती ही है। प्रशासन व पुलिस को भीड़ संभालने का प्रशिक्षण दिया जाए। भगदड़ जैसी घटनाएं घोर लापरवाही की श्रेणी में आती हैं। मुआवजों के भरोसे व्यवस्था नहीं सुधारी जा सकती। इस पर केंद्र को स्पष्ट निर्देश देने चाहिए।



## चिंतन-मनन

### भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है।

वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विध्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते।

किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

# भारत के लाखों नागरिकों को क्यों भा रहा है विदेश?



डॉ. हिदायत अहमद खान

भारत के सक्षम नागरिकों में पिछले कुछ सालों में देश छोड़कर विदेश में बसने की प्रवृत्ति ज्यादा ही बढ़ गई है। यह हम नहीं कह रहे बल्कि संसद के उच्च सदन में विदेश मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े बता रहे हैं। लाखों की तादाद में न सिर्फ विदेश में बसने बल्कि भारतीय नागरिकता छोड़ने के जो आंकड़े सामने आए हैं वे देश की दशा और दिशा तय करने वालों से तीखे सवाल भी कर रहे हैं। आखिर देशभक्ति और देशप्रेम की विदेश में अलख जगाने का दम भरने वाले इन खासम-खास लोगों को हुआ क्या है, जो वतन की तरफ पलट कर देखना भी पसंद नहीं कर रहे हैं। आखिर किससे और क्योंकर गलती या गुनाह हुआ, जिसका दर्द हमारे प्यारे हिंदुस्तान को सहना पड़ रहा है। आखिर यह कैसे भुलाया जा सकता है कि जन्मभूमि के लिए सभी समान होते हैं, फिर चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या सम्प्रदाय का ही क्यों न हो। अमीर हो या गरीब, काला हो कि गोरा, कद में ऊंचा हो कि नाटा, खान-पान, रहन-सहन और पहनावा कुछ भी क्यों न हो पहले तो वह भारतीय ही है, जिसे माँ भारती ने अपनी गोद में बड़े लाड़-प्यार से पाला-पोसा है। आज वही लाड़ले विदेश में बसने को मजबूर क्यों हो रहे हैं? या फिर विदेशी कहलाने को स्टेटस-सिंबल बना यहां से क्यों मुंह मोड़ रहे हैं? शिक्षा, स्वास्थ्य और कारोबार के साथ ही रोजगार जैसे सवाल अनगिनत हैं जिसके जवाब आज नहीं तो कल कर्ता-धताओं को देने ही होंगे। आखिरकार लाखों करोड़पतियों का यूं भारत छोड़ देना, देश और समाज के लिए हानिकारक ही माना जाएगा। इससे पहले कि विदेश जाने और हमेशा के लिए वहीं बस जाने के कारणों पर विचार करें यहां उच्च सदन में प्रस्तुत आंकड़ों पर भी एक नजर दौड़ा लेते हैं। दरअसल राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में भारतीय नागरिकता त्यागने संबंधी एक सवाल के जवाब में जो आंकड़े प्रस्तुत किए हैं वो पहली ही नजर में गंभीर और चिंता में डालने वाले हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में 2,06,378 भारतियों ने नागरिकता छोड़ी है। इससे पहले साल 2023 में 2,16,219, 2022 में 2,25,620, साल 2021 में 1,63,370, साल 2020 में 85,256 और साल 2019 में 1,44,017 लोग भारतीय नागरिकता त्याग चुके हैं। इस प्रकार बीते वर्ष में ही 2 लाख से ज्यादा भारतीयों ने अपने वतन की नागरिकता छोड़ विदेश की नागरिकता ले ली है।

इससे हटकर पूरी दुनिया में भारत के लाखों लोग ऐसे भी हैं जो पूरी जिंदगी तो विदेश में गुजार देते हैं लेकिन वहां कि नागरिकता नहीं लेते हैं। मतलब साफ है कि ग्रीन कार्डधारी बनकर विदेश में जीवन गुजारना इन्हें पसंद आ जाता है। ऐसे ज्यादातर लोग सिर्फ मजबूरी में या विशेष ऑकेजन में तफरी के तौर पर देश का रुख करते हैं। जो कमाई के लिए या अन्य कारणों से मजबूरीवश विदेश में रह रहे होते हैं उनके लिए जरुर विदेश में रहना किसी सजा से कम नहीं होता है। हमेशा अपनों की कमी और देश की मिट्टी की खुशबू से वंचित होने का दर्द इन्हें सालता रहता है। खुशी का पल हो कि गम का पहाड़ जैसा समय वतन के साथ अपनों की याद दिलाने के लिए काफी होता है। ऐसे समय में ये मजबूरी को कर्तव्य समझ घुटनभरी जिंदगी जीते हैं। इनकी तादाद अन्य से बहुत कम होती हो, ऐसा नहीं है, फिर भी इनकी सुनवाई न तो वहां होती है और न ही यहां। जिन्हें परवाह होती है वे खुद दूसरों के एहसान और खुद की लाचारी के बोझ तले दबे होते हैं। ऐसे में ईश्वर ही इनका मालिक होता है। इन सब को मिला लें तो भारतीय प्रवासी दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय बन जाता है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक प्रति वर्ष 2.5 मिलियन (25 लाख) भारतीय विदेशों में प्रवास करते हैं, जिससे भारत दुनिया का सबसे ज्यादा वार्षिक प्रवासियों वाला देश भी कहलाता है। कोटक प्राइवेट द्वारा ईवाई के साथ साझेदारी में किए गए एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक 22 प्रतिशत अति-धनी भारतीयों ने बेहतर जीवन स्तर, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और व्यापार में आसानी के लिए देश छोड़ने की इच्छा व्यक्त की। इससे साफ है कि जो नागरिक देश छोड़ चुके हैं सो वो तो छोड़ ही चुके हैं अब आगे भी लाखों भारतीय विदेश जाने की तैयारी में बैठे हुए हैं। सरकारी आंकड़े बतलाते हैं कि भारत में करोड़पतियों की आबादी बढ़ी है, बावजूद इसके करों के बोझ और जाँच व आर्थिक व्यवसायिक औपचारिकताओं के कारण बड़ी संख्या में लोग भारत छोड़ रहे हैं। ऐसे में संयुक्त अरब अमीरात भारतीयों के गंतव्य की पसंदीदा जगह बन गई है। यहां की शून्य-कर व्यवस्था और जिंदगी जीने को आसान बनाने वाले प्लान धनाढ्य भारतियों को आकर्षित करते हैं। यूएन वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट 2024 के मुताबिक, दुनिया भर में लगभग 1.8 करोड़ भारतीय प्रवासी हैं। प्रवासियों के पसंदीदा देशों की बात करें तो रिपोर्ट बताती है कि एनआरआई और पीआईओ कैटागिरी को मिलाकर अमेरिका में कुल भारतीय आबादी 54,09,062 है, जबकि कनाडा में 28,75,954, मलेशिया में 29,14,127, सऊदी अरब में 24,63,509, कुवैत में 9,95,528, ब्रिटेन में 18,64,318, दक्षिण अफ्रीका में 17,00,000, श्रीलंका में 16,07,500 कुल भारतीय आबादी है। इसी के साथ बताया जाता है कि यूएई, सऊदी अरब और कुवैत में बेहतर रोजगार के अवसर और निवेश के खुले रास्ते भारतीयों को आकर्षित करते हैं। जबकि श्रीलंका, मलेशिया, म्यांमार और सिंगापुर में ऐतिहासिक प्रवासन के साथ ही व्यापारिक संबंधों के चलते भारतीय आबादी पुरानी है। भारत विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मई 2024 तक दुनिया में कुल लगभग 3.542 करोड़ भारतीय मूल के लोग रह रहे हैं। ये आंकड़े बता रहे हैं कि भारत से सबसे ज्यादा लोग विदेशों में बस चुके हैं, जिन्हें बेहतर जिंदगी जीने की लालसा है और कुछ बेहतर करने की जिज्ञासा है। इसी प्रकार हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट 2025 बताती है कि भारत सालाना सबसे ज्यादा करोड़पतियों को खोने वाले शीर्ष पांच देशों में से एक है। आश्चर्यजनक और चिंतनीय बात यह है कि इन करोड़पतियों के अपने साथ 26.2 बिलियन डॉलर की संयुक्त संपत्ति देश से बाहर ले जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# मंदिरों में भगदड़ : कब रुकेंगी त्रासदियां



जयसिंह रावत

हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई रविवार को जो कुछ हुआ, वह किसी अप्रत्याशित घटना की तरह नहीं था।

यह हादसा एक बार फिर से उस सच्चाई को सामने लाता है कि धार्मिक आस्था का उफान जब प्रशासनिक विवेक, स्थान की क्षमता और वैज्ञानिक भीड़ प्रबंधन पर भारी पड़ता है, तो आस्था का यह सैलाब त्रासदी में बदल सकता है। उस दिन मंदिर के मुख्य मार्ग की सीढ़यों पर अचानक भगदड़ मच गई। कहा गया कि किसी ने यह अफवाह फैला दी कि रेलिंग में करंट दौड़ रहा है। नतीजा यह हुआ कि 8 श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई और लगभग 30 श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना हमें बताती है कि हम आज भी उन्हीं भूलों को दोहरा रहे हैं जिनका इतिहास दशकों पुराना है।

मनसा देवी मंदिर पहाड़ी पर स्थित एक अत्यधिक लोकप्रिय शक्तिपीठ है, जहां सावन और नवरात्र जैसे पर्वों पर श्रद्धालुओं की भीड़ कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन इस भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जो व्यवस्था होनी चाहिए, वह अक्सर उतनी ही कमजोर साबित होती है जितनी कि श्रद्धा प्रबल। यह पहली बार नहीं है जब हरिद्वार में ऐसा हुआ हो। इससे पहले 1986 के कुंभ मेले की भगदड़ में लगभग 200 लोगों की मृत्यु हुई थी। 2011 में हर की पैड़ी पर भी एक भगदड़ में 20 लोग मारे गए थे। इसी प्रकार 8 नवम्बर 2011 को ही शांतिकुंज के एक कार्यक्रम में भी भगदड़ में 20 श्रद्धालुओं की मौत और 30 घायल हो गए थे। इन हादसों का पैटर्न लगभग एक जैसा रहा है, अत्यधिक भीड़, संकरे रास्ते, अफवाहें और प्रशासनिक लापरवाही।



भगदड़ हादसों के मामले में हरिद्वार अकेला नहीं है। देश के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी इसी तरह की घटनाएं बार-बार होती रही हैं। 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक स्वयंभू बाबा के सत्संग में भगदड़ मची, जिसमें 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी। 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में भी नववर्ष के मौके पर भगदड़ मचने से 12 श्रद्धालुओं की जान गई। 2008 में हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मंदिर में चट्टान खिसकने की अफवाह से भगदड़ मची थी जिसमें 162 लोग मारे गए थे। 2023 में रामनवमी के अवसर पर वहीं एक और भगदड़ हुई, जिसमें 36 श्रद्धालु मरे। इसी महीने मध्य प्रदेश के बागेर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान टेंट गिरने और दीवार ढहने से दो लोगों की मौत हुई। ये आंकड़े महज संख्याएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत असफलताओं के प्रमाण हैं। प्रश्न यह है कि आखिर ये घटनाएं बार-बार क्यों घट रही हैं? एक कारण तो यह जरूर है कि भीड़ को आयोजन और आयोजन स्थल की सफलता का मापदंड माना जाता है। सरकारें और धार्मिक संस्थाएं जितनी अधिक भीड़ जुटा पाती हैं, उसे उतनी ही बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रचारित करती हैं।

श्रद्धालुओं की संख्या को लाखों और करोड़ों में गिनाया जाता है, और यह मान लिया जाता है कि आस्था जितनी व्यापक होगी, उतनी ही मान्यता और चढ़ावा भी मिलेगा, परंतु इस मानिसकता में यह भूल जाती है कि किसी भी स्थल की एक सीमा होती है, जिसे कैरीइंग कैपेसिटी कहा जाता है। कैरीइंग कैपेसिटी का अर्थ है किसी स्थल की वह अधिकतम सीमा जहां तक वह पर्यावरणीय, भौगोलिक और संरचनात्मक रूप से भीड़ को सुरक्षित रूप से संभाल सकती है। मनसा देवी मंदिर जैसे स्थलों पर यह सीमा सीमित होती है, सीढ़ियां संकरी हैं, रेलिंग पुरानी हैं, और ऊपर-नीचे आने-जाने का मार्ग एक ही है। ऐसी स्थिति में यदि हजारों की संख्या में लोग एक साथ एक ही दिशा में बढ़ते हैं और अचानक अफवाह या घबराहट फैलती है, तो भगदड़ अवश्यंभावी हो जाती है। प्रशासनिक दृष्टि से देखा जाए तो भारत में अधिकांश धार्मिक स्थलों पर ऐसी स्पष्ट कैरीइंग कैपेसिटी निर्धारित नहीं की जाती और न ही भीड़ को उसी अनुसार रोका जाता है। जब तक यह वैज्ञानिक आधार पर तय नहीं किया जाएगा कि किस पर्व पर किस स्थल पर कितने लोग एक समय में प्रवेश कर सकते हैं, तब तक सुरक्षा सिर्फ भाग्य पर आधारित होगी।

प्रशासन कई बार दावा करता है कि उसने पर्याप्त इंतजाम किए थे, सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, पुलिस बल तैनात किया गया था, रूट प्लान तैयार था, परंतु जब हादसा हो जाता है, तो यही व्यवस्थाएं कागजों में ही सीमित पायी जाती हैं। मनसा देवी मंदिर की घटना में भी यही हुआ। एक अफवाह ने समूची व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। दूसरी ओर, धार्मिक संस्थाओं की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। कई बार आयोजक भीड़ को लेकर कोई वैज्ञानिक अनुमान नहीं लगाते, न ही किसी प्रकार की पूर्व अनुमति की प्रक्रिया का पालन करते हैं। हाथरस की घटना इसका ज्वलंत उदाहरण है। न आयोजन का कोई नियंत्रण था, न किसी एजेंसी से सहमति ली गई थी, और न ही आपातकालीन प्रबंधन की कोई योजना थी। धार्मिक आस्था को आंकड़ों, भीड़ या प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि विवेक और जिम्मेदारी के साथ जोड़ना होगा। जब तक भीड़ को आयोजन की सफलता और चढ़ावे का पैमाना माना जाता रहेगा, तब तक मनसा देवी, नैना देवी, हाथरस या वैष्णो देवी जैसी त्रासदियां दोहराई जाती रहेंगी।

# आवाज की गति से तेजी से चली मिसाइल दुश्मनों के लिए लाएगी 'प्रलय'

भारत को रक्षा क्षेत्र में मिली बड़ी कामयाबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को रक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी मिली है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने जानकारी दी है कि। ओडिशा के अब्दुल कलाम द्वीप से 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल परीक्षण किए गए हैं। यह परीक्षण 28 और 29 जुलाई को किए गए हैं। ये परीक्षण सेना की जरूरतों के मुताबिक किए गए थे ताकि यह देखा जा सके कि मिसाइल कम और ज्यादा दूरी तक कितनी सटीकता से मार कर सकती है। डीआरडीओ की ओर से बयान में बताया गया है कि दोनों दिनों में मिसाइल ने तय दिशा में उड़ान भरी और अपने लक्ष्य को बिल्कुल सही तरीके से भेदा। डीआरडीओ ने बताया कि यह परीक्षण सभी तय मानकों और उद्देश्यों पर खरा उतरा है। यानी मिसाइल ने जैसा उससे उम्मीद की गई थी, ठीक वैसा ही प्रदर्शन किया।

*'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। यानी यह कम दूरी पर दुश्मन के बंकर, रडार या हथियारों को तबाह कर सकती है*

**350 से 700 किलो तक के हथियार ले जाने में सक्षम**

**दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देने की है खासियत**



### मारक क्षमता 500 किलोमीटर तक

'प्रलय' कम दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल है। भारत में विकसित यह मिसाइल ठोस ईंधर पर आधारित है और यह 350 से 700 किलोग्राम तक के अलग-अलग तरह के हथियार ले जाने में सक्षम हैं। 'प्रलय' मिसाइलों की मारक क्षमता 150 से 500 किलोमीटर तक है। यह दुश्मन के हर तरह के सैन्य ठिकानों जैसे कि उनके कमांड सेंटर और एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम हैं। यानी यह कम दूरी पर दुश्मन के बंकर, रडार या हथियारों को तबाह कर सकती है। यह मिसाइल सुपरसोनिक गति से उड़ान भरती है, यानी यह आवाज की गति से भी तेज चलती है।

### रक्षा मंत्री ने दी टीम को बधाई

*परीक्षणों के दौरान डीआरडीओ के वैज्ञानिक और भारतीय सेना, वायु सेना और रक्षा उद्योग से जुड़े अहम लोग मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल परीक्षण के लिए इससे जुड़ी टीमों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि इस मिसाइल की सफलता से हमारी सेना को नई तकनीक मिलेगी। इससे वे खतरों का सामना बेहतर तरीके से कर पाएंगे। यह सफलता सशस्त्र बलों को 'उभरते खतरों का मुकाबला करने में एक महत्वपूर्ण तकनीकी सहायता' देगी।*

***सेना में शामिल होगा 'प्रलय':*** *डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने भी इस सफलता के लिए टीमों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन परीक्षणों के साथ ही पहले चरण का काम पूरा हो गया है। अब इस मिसाइल को सेना में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया है।*

### इसे जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जा सकता

*'प्रलय' मिसाइल चीन और पाकिस्तान जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। यह मिसाइल दुश्मन के रडार, एयरबेस और सैन्य ठिकानों को कुछ ही मिनटों में तबाह कर सकती है। यह खासकर सीमावर्ती इलाकों में बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। इसके लिए सॉलिड प्रोपेलेंट रॉकेट मोटर का इस्तेमाल किया गया है। इससे इसे जल्दी-जल्दी लॉन्च किया जा सकता है और यह बहुत ही सटीक निशाना लगाने में सक्षम है।*

### बीच रास्ते में दिशा बदलने में माहिर

*'प्रलय' जीपीएस और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम का इस्तेमाल करती है, जिससे यह अपने लक्ष्य को बिल्कुल सही जगह पर मार सकती है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सके। इसलिए, दुश्मनों की ओर से इसे हवा में मार गिराना मुश्किल है। इससे यह बीच रास्ते में भी कमांड के अनुसार अपनी दिशा बदलने में माहिर हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### नीदरलैंड ने इजराइल के 2 कट्टर मंत्रियों पर बैन लगाया



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं। नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। डच विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है।

### बच्चा पैदा करने पर 1.32 लाख रुपए देगी सरकार



**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.32 लाख रुपए देने का फैसला किया है। बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को 3600 युआन (करीब 44,000 रुपए) देगी। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पॉलिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया में चीन की जन्म दर सबसे कम है।

### यौन शोषण आरोप में पायलट गिरफ्तार



**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को एयरपोर्ट पर शनिवार रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जब डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट लैंड होते ही पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया। 34 वर्षीय पायलट रुस्तम भगवागर को बच्चों के यौन शोषण के गंभीर आरोपों के चलते गिरफ्तार किया गया है। मामले में कॉन्ट्रा कोस्टा काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, भगवागर पर दस साल से कम उम्र के बच्चे के साथ शारिरिक शोषण के पांच मामलों में आरोप लगाए गए हैं।

---

ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# दुनिया को बता दिया: आतंकवाद की 'नर्सरी' बन गया पाकिस्तान

पाकिस्तान में नौ आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम जानते हैं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कौन सा देश क्या कर रहा था। हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान को शह देने वाली ताकतों को भी संदेश दे दिया है। ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया गया है। अगर पाकिस्तान ने कोई और दुस्साहस किया तो इसे फिर से शुरू करने में संकोच नहीं किया जाएगा

'ऑपरेशन सिंदूर' पर राज्यसभा में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी है। उसको खाद-पानी नहीं मिलनी चाहिए। पाकिस्तान हर बार आतंकवाद को सही ठहराने की कोशिश में लगा रहता है। इसलिए जरूरी है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में, हम सिर्फ आतंकवादियों को ही नहीं, बल्कि उन्हें मदद करने वाले पूरे टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी खत्म करें। इसलिए ही हमारे पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आज भी जारी है।

पाकिस्तान एक जिद्दी बच्चे की तरह मानता ही नहीं है। हमने हमेशा देखा है कि पाकिस्तान जैसे देश लगातार आतंकवाद को समर्थन देते आए हैं। इसलिए पूरी दुनिया के लिए यह जरूरी है कि पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर हर तरह का रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाया जाए। पाकिस्तान वही देश है, जहां हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे घोषित आतंकवादी खुलेआम घूमते हैं और जहर उगलते हैं। जहां आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान आर्मी के बड़े अफसर फातिहा पढ़ते नजर आते हैं।

***100 से अधिक आतंकवादी, उनके आका और समर्थक मारे गए***



### ...तो हम मदद के लिए तैयार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहा है तो भारत उसकी मदद करने के लिए तैयार है। भारतीय सेना सीमा के दूसरी ओर भी आतंकवाद से लड़ने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया से आतंकवाद खत्म हो। मैं पाकिस्तान को सलाह दूंगा कि अगर आप आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं तो भारत से मदद लें। हम मदद के लिए तैयार हैं। हमारी सेनाएं सीमा के इस पार और उस पार भी आतंकवाद से लड़ने में सक्षम हैं, यह ऑपरेशन सिंदूर से साबित हो चुका है।

### पाक को विदेशी फंडिंग बंद करें

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को जो आर्थिक सहायता मिलती है, उसका बड़ा हिस्सा आतंकवाद के कारखाने में खर्च किया जाता है। पाकिस्तान को फंडिंग का मतलब है, आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को फंडिंग। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस विदेशी फंडिंग को बंद करना होगा।

### सेनाओं में हर हालात से निपटने की ताकत

*राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की तरफ टेढ़ी निगाह से देखने वाले हर देश को यह समझ लेना चाहिए कि भारत की सेनाओं में हर हालात से निपटने की ताकत और कूबत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक में नौ आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। 100 से अधिक आतंकवादी, उनके आका और समर्थक मारे गए।*

### पाकिस्तान फादर ऑफ ग्लोबल टेररिज्म बनकर उभरा

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और पाक दोनों एक ही समय आजाद हुए, लेकिन आज भारत को पूरी दुनिया में जहां मदर ऑफ डेमोक्रेसी की पहचान मिली है। वहीं पाकिस्तान फादर ऑफ ग्लोबल टेररिज्म बनकर उभरा है।

---

न्यूयॉर्क: ऑफिस बिल्डिंग में गोलीबारी

# चार पुलिसकर्मियों की हत्या कर खुद भी मर गया 'हमलावर'



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को मिडटाउन मैनहट्टन की एक ऑफिस बिल्डिंग में हुई फायरिंग में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ऑफ-ड्यूटी पुलिस अधिकारी भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर की पहचान 27 वर्षीय शेन तामुरा के रूप में हुई है, जो लास वेगास के नेवादा का रहने वाला था। उसने पहले बिल्डिंग की लॉबी में पुलिस अफसर पर गोली चलाई और फिर 345 पार्क एवेन्यू की 33वीं मंजिल तक चला गया। वहां वह एक ऑफिस में छिप गया।

### हाई-प्रोफाइल लोकेशन पर हुआ हमला

यह घटना शाम 6:30 बजे के करीब न्यूयॉर्क की व्यस्त जगह पार्क एवेन्यू स्थित एक हाई-प्रोफाइल ऑफिस बिल्डिंग में हुई, जहां ब्लैकस्टोन, केपीएमजी और नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) जैसे बड़े संस्थान के ऑफिस और आयरलैंड का दूतावास भी स्थित है। वहीं पास की एक बिल्डिंग के कर्मचारी जब खाने के लिए निकले तो गोलियों की आवाज और अफरा-तफरी देख वापस ऑफिस में चले गए और करीब दो घंटे तक वहीं बंद रहे।

### पीड़ितों से मुलाकात करेंगे न्यूयॉर्क मेयर

वहीं इस मामले में न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे अस्पताल जाकर पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। इस घटना पर न्यूयॉर्क सिटी में डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि मिडटाउन में हुई भयावह गोलीबारी की खबर से दिल टूट गया है।

---

रूस ने यूक्रेन की जेल पर दागीं मिसाइलें

# 17 कैदियों समेत 22 की मौत 80 से अधिक लोग हुए घायल



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने सोमवार रात यूक्रेन की एक जेल और एक चिकित्सा सुविधा पर ग्लाइड बमों और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरिजिया क्षेत्र में जेल को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। हमले के दौरान जेल को टारगेट करते हुए चार बम गिरा गए। हमले में में कम से कम 17 कैदियों की मौत हो गई और 80 से अधिक घायल हो गए। हालांकि जेल की परिधि की बाड़ को कोई नुकसान नहीं हुआ और कोई कैदी फरार नहीं हुआ।

### 73 शहरों, कस्बों और गांवों को बनाया निशाना

केंद्रीय यूक्रेन के ड्नीप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइलों ने एक तीन मंजिला इमारत को निशाना बनाया और पास के चिकित्सा संस्थानों को नुकसान पहुंचाया है। रूसी हमलों में एक प्रसूति अस्पताल और शहर का एक अस्पताल वार्ड सहित आस-पास की कई चिकित्सा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और आठ घायल हो गए। जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। जिसकी हालत गंभीर है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि देश भर में 73 शहरों, कस्बों और गांवों को रूस ने निशाना बनाया है।

---

सिखों की वीरता को मिलेगा सम्मान

# ब्रिटेन में जल्द बनेगी सिख रेजिमेंट रक्षा मंत्री बोले- हम विचार कर रहे

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। पीएम कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन रॉडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे। सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखों की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि मैं लॉर्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।



### अभी ब्रिटिश सेना में 160 सिख सैनिक काम कर रहे

कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही। यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई।

---

अमेरिका-ईयू ट्रेड डील से फ्रांस और जर्मनी नाराज

# फ्रेंच पीएम बोले- ये डील यूरोप के लिए काला दिन, ट्रंप के टैरिफ दबाव में घुटने टेकना दुखद

एजेंसी ▶▶ पेरिस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपियन यूनियन (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच रविवार को स्कॉटलैंड के टर्नबेरी में हुई ट्रेड डील की फ्रांस ने आलोचना की है। फ्रांस के पीएम फ्रांस्वा बेरो ने इसे ईयू के लिए काला दिन बताया है। बेरो ने कहा कि ईयू ने राष्ट्रपति ट्रंप के बढ़ते टैरिफ दबाव के आगे घुटने टेक दिए। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि यह दुखद है जब स्वतंत्र देशों का गठबंधन, जो अपने साझा मूल्यों और हितों की रक्षा के लिए बना था, दबाव में झुक जाता है। वहीं, फ्रांस के यूरोपीय मामलों के मंत्री बेंजामिन हदद ने कहा कि यह हालात ठीक नहीं है और ईयू को जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। फ्रांस के व्यापार मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने कहा कि ट्रंप सिर्फ ताकत की भाषा समझते हैं।



### इटली ने किया स्वागत

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने इस समझौते का स्वागत किया। यूरोपीय ट्रेड कमीश्नर मारोश सेफचोविच ने इसे बड़ा कदम बताया, क्योंकि इससे अमेरिका और यूरोप के बीच ट्रेड वॉर टल गया। इस समझौते के तहत यूरोप से अमेरिका जाने वाले ज्यादातर सामानों पर 15% टैरिफ लगेगा, जो मौजूदा 4.8% से तीन गुना ज्यादा है।

### जर्मनी को होगा नुकसान: चांसलर मर्ज

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि वह अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के नतीजों से संतुष्ट नहीं हैं। इस समझौते के कारण जर्मन अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान होगा। 15% आयात शुल्क, यूरोप के ऑटो सेक्टर पर मौजूदा टैरिफ दर 27.5% लगभग आधा होने के बावजूद जो टैरिफ हैं, वे जर्मनी की निर्यात उन्मुख अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर बोझ हैं।

---

भविष्य की युद्ध रणनीतियों और आधुनिक प्रणालियों के अनुरूप सेना ने किया शक्ति प्रदर्शन

# एआई और 'सेंसर-टू-शूटर' के साथ 'दिव्य दृष्टि' अभ्यास रहा सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भविष्य के युद्ध परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय सेना ने पूर्वी सिक्किम के ऊंचाई वाले क्षेत्र में 'दिव्य दृष्टि' नामक एक उन्नत तकनीकी अभ्यास आयोजित किया। सैन्य अभ्यास में उन्नत तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन और 'सेंसर-टू-शूटर' क्षमताओं का सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस अभ्यास के दौरान सेना ने वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में आधुनिक प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया।

**अभ्यास सेना की स्वदेशीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम और 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप**



### 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना साकार

'दिव्य दृष्टि' अभ्यास को 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' जैसे प्रमुख राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप माना जा रहा है। यह अभ्यास भारतीय सेना की स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो तकनीकी आधुनिकीकरण को नई दिशा प्रदान करेगा। यह अभ्यास भारतीय सेना की तकनीकी परिवर्तन और आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना और सेना के 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' रोडमैप के अनुरूप है।

### सूचनाएं तेजी से भेजी गई

इस अभ्यास की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता एआई-सक्षम सेंसरों और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों का प्रयोग था, जिसके चलते कमांड सेंटर्स के बीच सूचनाओं का त्वरित और सुरक्षित आदान-प्रदान संभव हो सका। इससे निर्णय लेने की गति और सटीकता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। 'सेंसर-टू-शूटर' तंत्र को भी इससे काफी मजबूती मिली है।

---

बीजिंग में भारी बारिश और बाढ़ का कहर

# अब तक 30 की मौत, 80 हजार से ज्यादा लोगों को 'सुरक्षित' निकाला

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन की राजधानी बीजिंग इस समय भीषण बाढ़ और बारिश की चपेट में है। बीते कुछ दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीजिंग के नगर निगम बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय के अनुसार अब तक 30 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 80,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए



राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बीजिंग के जिन इलाकों में सबसे ज़्यादा मौतें हुई हैं, उनमें मियुन जिला सबसे प्रभावित रहा है। यहां 28 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि यानचिंग जिले में दो लोगों की मौत हुई है।

# पाकिस्तान में फ्लैश फ्लड का कहर टीवी एंकर समेत 15 लोग लापता,

## स्थानीय लोग सरकार की व्यवस्थाओं से नाराज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में रविवार को हाईवे पर अचानक पानी भर गया। फ्लैश फ्लड की चपेट में आई एक टीवी एंकर और उसके परिवार के सदस्यों समेत 15 लोगों के बह जाने की आशंका है। वहीं कई दिनों से प्रकृति की मार झेल रहे इस इलाके के विस्थापितों ने स्वच्छ पेयजल, बिजली, सड़क पहुंच और संचार सेवाओं की गंभीर कमी की शिकायत की है।



बाढ़ से प्रभावित डायमर की बाबूसर और थोर घाटियों में बचे लोगों ने कहा कि वे हाल के दिनों की सबसे घातक बाढ़ की चपेट में आ गए हैं, जिसमें कई लोग बेघर हो गए और उनका सारा सामान बह गया। मीडिया हाउस डॉन के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फ्लैश फ्लड से बाबूसर हाईवे पर अचानक पानी बढ़ गया और इसमें 10 से 15 पर्यटक बह गए। अब तक सात शव बरामद किए जा चुके हैं। पर्यटकों में एक निजी चैनल की टीवी एंकर, उनके पति और उनके चार बच्चे भी शामिल हैं।

गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फारक ने बताया कि एक पश्तो भाषा के टीवी चैनल की एंकर के परिवार ने अधिकारियों से संपर्क कर बताया है कि वह, उनके पति और उनके चार बच्चे लापता हैं।

फारक ने बताया कि उन्हें एंकर का एक बटुआ मिला है। वहीं, चिलास के मीनार इलाके में सिंधु नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। माना जा रहा है कि यह महिला उन पर्यटकों में शामिल है जो बाबूसर हाईवे पर आई बाढ़ में बह गए थे।

उन्होंने कहा, खोजी कुत्तों और ड्रोन की मदद से बाकी लापता लोगों की तलाश जारी है। उन्होंने मीडिया को बताया कि भारी मशीनरी का उपयोग करके मरम्मत कार्य जारी है, 15 स्थानों पर सड़क अवरुद्ध है, और उनमें से 13 स्थानों पर आंशिक रूप से मार्ग साफ कर दिया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सोमवार तक राजमार्ग आंशिक रूप से यातायात के लिए फिर से खोल दिया जाएगा।

गिलगित क्षेत्र में, दान्योर नाले से आई अचानक बाढ़ के कारण मुख्य आपूर्ति पाइपलाइन और कई सिंचाई नहरें क्षतिग्रस्त होने के बाद, दान्योर और सुल्तानाबाद इलाकों के हजारों निवासी लगातार तीन दिनों तक पीने के पानी के बिना रहे। वहीं आम लोग सरकार की अनदेखी से भी खासा नाराज हैं। गिलगित के पूर्व मंत्री मुहम्मद इकबाल के नेतृत्व में क्षेत्र के बुजुर्गों ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार बार-बार आश्वासन के बावजूद बाधित जल आपूर्ति बहाल करने में विफल रही है।

उन्होंने कहा कि हालांकि निवासियों ने पाइपलाइन को अस्थायी रूप से बहाल करने में कामयाबी हासिल की थी, लेकिन बाद में आई बाढ़ ने इसे फिर से नष्ट कर दिया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि अभी तक कोई मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है और सरकार को कार्रवाई के लिए एक दिन का अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा वे विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। इस बीच, घांचे जिले के कोंडस और हल्दी के निवासियों ने भी राहत सामग्री, बिजली, पेयजल और सड़क मार्ग की कमी की शिकायत की।

कोंडस में हुए विनाशकारी भूस्खलन में 50 से ज्यादा घर बह गए, जिससे कई परिवार बेघर हो गए और उन्हें भोजन, आश्रय, चिकित्सा देखभाल, और आपातकालीन सेवाओं की तत्काल आवश्यकता है। स्थानीय लोगों ने इंटरनेट की अनुपलब्धता पर भी दुख जताया, जिससे बातचीत करना या मदद के लिए फ़ोन करना और भी मुश्किल हो गया। जुटल और गिलगित-बाल्टिस्तान के अन्य बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों ने भी बुनियादी सुविधाओं की कमी की शिकायत की और सरकार की धीमी प्रतिक्रिया और समय पर राहत पहुंचाने में विफलता की आलोचना की।

## हमास नेता सिनवार की विधवा फर्जी पासपोर्ट पर गाजा से भागी, तुर्किये में की दोबारा शादी

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** हमास के पूर्व नेता याह्या सिनवार की विधवा समर मुहम्मद अबू जमर फर्जी पासपोर्ट पर गाजा से भाग निकली। अब उसने तुर्किये में दोबारा शादी कर ली है। इस्राइली समाचार एजेंसी ड्ढ्ठद्दह्ल की रिपोर्ट में जमर के भागने और दोबारा शादी करने का दावा किया गया है।

जमर ने 2011 में सिनवार से शादी की थी। जमर ने गाजा के इस्लामिक विश्वविद्यालय से धर्मशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। रिपोर्ट के अनुसार, समर ने फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल किया और अपने बच्चों के साथ चोरी-छिपे गाजा से बाहर निकल गई। उन्होंने एक और गाजा निवासी महिला के पासपोर्ट का इस्तेमाल किया और राफा बॉर्डर के रास्ते मिस्र गई।

गाजा के एक व्यक्ति ने ड्ढ्ठद्दह्ल को बताया कि समर अब गाजा में नहीं हैं, वे अब तुर्किये में हैं। उसने कहा कि गाजा से इस तरह भागना बहुत मुश्किल है और इसके लिए पैसों, मदद और ऊंचे स्तर पर संपर्क की जरूरत होती है- जो आम लोगों के पास नहीं होती।रिपोर्ट में कहा गया है कि समर ने पिछले साल अक्तूबर में याह्या सिनवार की मौत के बाद तुर्किये में दोबारा शादी की। यह शादी हमास के एक सीनियर नेता फती हम्माद ने करवाई। हम्माद पहले भी हमास नेताओं और उनके परिवारों को संघर्ष वाले इलाकों से बाहर निकालने की कोशिशों से जुड़ चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने गाजा में युद्ध के शुरुआती समय में अपने वरिष्ठ नेताओं के परिवारों को बाहर निकालने के लिए एक योजना बनाई थी, जिसमें फर्जी दस्तावेज और मेडिकल रिपोर्ट्स का इस्तेमाल किया गया। सिनवार के भाई मोहम्मद की पत्नी नजवा, जो कुछ समय के लिए हमास का नेतृत्व भी कर रही थीं, वह भी इसी नेटवर्क की मदद से गाजा से बाहर निकल गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, तब से उन्हें किसी ने नहीं देखा।इस्राइल की सेना ने याह्या सिनवार को 16 अक्तूबर 2024 को गाजा के राफा इलाके में एक टूटी-फूटी इमारत में ढूंढ निकाला और मार गिराया। वीडियो फुटेज में वह धूल में सने हुए एक कुर्सी पर बैठे दिख रहा था और ड्रोन पर एक डंडी फेंकते नजर आया। बाद में सिर में गोली लगने और मलबे की चोटों से उसकी मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में लगे भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। सोमवार तड़के आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.0 रही। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप के झटके भारतीय समयानुसार सोमवार सुबह 2:06 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र इस्लामाबाद के पश्चिम में जमीन के भीतर 10 किलोमीटर की गहराई में था। पाकिस्तान, भूकंप के लिए दुनिया के सबसे संवेदनशील देशों में शामिल है, जहां कई बड़े भूकंपीय फॉल्ट स्थित हैं। इसके चलते, पाकिस्तान में अक्सर भूकंप आते हैं और विनाशकारी होते हैं। पाकिस्तान भूगर्भीय रूप से यूरेशियन और भारतीय टेक्टोनिक प्लेटों, दोनों को ओवरलैप करता है।

### वॉलमार्ट में चाकू से हमला करने वाले संदिग्ध पर आतंकवाद और हमले के आरोप दर्ज करने की मांग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में एक वॉलमार्ट में चाकू से हमला करने वाले संदिग्ध पर अधिकारी आतंकवाद और हत्या की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगाने की मांग कर रहे हैं। यह घटना शनिवार को ट्रैवर्स सिटी के एक वॉलमार्ट में हुई थी। इस घटना में 11 लोग घायल हो गए थे। अधिकारियों का मानना है कि हमलावर ने लोगों को बिना किसी वजह के अंधाधुंध निशाना बनाया। ग्रैंड ट्रैवर्स काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, यह हमला शाम करीब 4:45 बजे हुआ, जब 42 साल का एक आदमी स्टोर में आया और एक फोल्डिंग चाकू से लोगों पर हमला करने लगा।

### चीन के लड़ाकू विमान फिर ताइवान की सीमा में घुसे

**बीजिंग, एजेंसी।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि चीन के लड़ाकू विमानों ने एक बार फिर उसकी संप्रभुत्ता का उल्लंघन किया और पीएलए के 4 लड़ाकू विमान ताइवान की सीमा में घुस आए। साथ ही 10 युद्धक जहाजों ने भी ताइवान के जलीय सीमा का उल्लंघन किया। ताइवान की सरकार ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 6 बजे चीन की सेना के चार विमान ताइवान की सीमा में देखे गए। साथ ही 10 युद्धक जहाजों ने भी ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया। ताइवान ने कहा कि वे हालात पर नजर बनाए हुए हैं और हालात के मुताबिक जवाब दिया जाएगा।

### सूडान में आरएसएफ ने बनाई वैकल्पिक सरकार, तेज हुआ गृहयुद्ध

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने वैकल्पिक सरकार के गठन का एलान किया है। इसके साथ ही गठबंधन ने देश की राजधानी खार्तूम में स्थित सैन्य अधिकारियों को सीधी चुनौती दे दी है। देश में तीन वर्षों से जारी गृहयुद्ध तेज हो गया है। अल जजीरा कि रिपोर्ट के अनुसार, खुद को सूडान संस्थापक गठबंधन (टीएएसआईएस) की नेतृत्व परिषद कहने वाले इस गठबंधन ने एलान किया है कि आरएसएफ कमांडर मोहम्मद हमदान हेमेदती दागालो 15 सदस्यीय राष्ट्रपति परिषद की अध्यक्षता करेंगे। इसमें क्षेत्रीय गवर्नर भी शामिल होंगे। टीएएसआईएस ने सूडानी राजनेता मोहम्मद हसन को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। पिछले काफी समय से सूडान आंतरिक संघर्ष से जूझ रहा है। इसके चलते लोगों को बेहद समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### जंगल के बीच पटरी से उतरी ट्रेन, तीन की मौत और 50 से ज्यादा घायल, भूस्खलन की आशंका

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में रविवार को एक बड़ा रेल हादसा हुआ। सिगमारिंगन से उल्म जा रही एक पैसेंजर ट्रेन जंगल के बीच से गुजरते समय पटरी से उतर गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों यात्री घायल हो गए। ट्रेन में करीब 100 लोग सवार थे। जर्मनी देश के समय अनुसार हादसा शाम करीब 6:10 बजे रिडलिंगन शहर के पास हुआ। जर्मन रेल ऑपरेटर डॉयचे बान ने पुष्टि की कि ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के कारणों की फिलहाल पुष्टि नहीं हो सकी है। ऑपरेटर का कहना है कि घटनास्थल पर जांच चल रही है और आसपास के 40 किलोमीटर इलाके में ट्रैफिक रोक दिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जर्मनी के कई हिस्सों में भारी बारिश और तूफान के चलते लैंडस्लाइड की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार, दक्षिणी जर्मनी में इन दिनों मौसम बेहद खराब बना हुआ है। घटना के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंचीं। स्थानीय टीवी चैनल एसडब्ल्यूआर के अनुसार, कई घायलों को हेलिकॉप्टर के जरिए पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। कई घायल लोगों को गंभीर हालत में भर्ती किया गया है।जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि वे परिवहन और गृह मंत्रालय के संपर्क में हैं और बचाव कार्य के लिए हर संभव मदद दी जा रही है। साथ ही, इस हादसे ने एक बार फिर जर्मनी के रेलवे सिस्टम की खस्ता हालत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह पहली बार नहीं है जब जर्मनी में इस तरह का हादसा हुआ है। जून 2022 में भी एक ट्रेन बवेरियन एल्प्स के पास पटरी से उतर गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हुई थी।

## चीन के दबाव में सांस्कृतिक मंच हुआ राजनीति का शिकार, बदला गया ताइवान का झंडा और नाम

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित इंटरनेशनल कोयर प्रतियोगिता एक बड़े राजनीतिक विवाद में घिर गई है। ताइवान ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में चीन द्वारा राजनीतिक दबाव डालने पर कड़ा विरोध जताया है। ताइवान का आरोप है कि चीन के हस्तक्षेप के बाद आयोजकों को उनके देश का झंडा हटाना पड़ा और नाम बदलकर चाइनीज-ताइपेई कर दिया गया। इस घटना से न केवल कलाकारों की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि सांस्कृतिक मंच पर राजनीतिक दखल की आलोचना भी तेज हो गई है।

प्रतियोगिता में ताइवान के छह कोयर ग्रुप शामिल थे, जिनमें स्कूली बच्चों से लेकर वयस्क कलाकार शामिल थे। आयोजकों पर चीन के अधिकारियों ने दबाव डाला कि ताइवान का नाम बदलकर चाइनीज-ताइपेई किया जाए और राष्ट्रीय ध्वज हटाया जाए। ताइवान के प्रतिनिधि कार्यालय को शनिवार शाम इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद एक विधायक को इस मुद्दे पर आयोजकों से बातचीत के लिए भेजा गया।जापान के सांसद केइजी फुरुया ने ताइवान की तरफ से आयोजकों से बात की और उसका पक्ष रखा। लेकिन आयोजकों ने अंततः चीन के दबाव में आकर सभी झंडे हटा दिए और नाम बदल दिए।

## दक्षिण कोरिया सरकार ने बातचीत का भेजा प्रस्ताव, किम जोंग उन की बहन बोली- कोई दिलचस्पी नहीं

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया की नई सरकार के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जिसमें उसने दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत की पेशकश की थी। किम जोंग की बहन ने इस प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत करने में कोई रुचि नहीं है, चाहे उसका प्रतिद्वंद्वी कोई भी प्रस्ताव क्यों न पेश करे। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग की इन टिप्पणियों से फिर से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर कोरिया का निकट भविष्य में दक्षिण कोरिया व अमेरिका के साथ किसी भी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है।



उत्तर कोरिया इस समय रूस के साथ अपने बढ़ते सहयोग पर अधिक ध्यान दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया को लगता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद भी वह रूस के साथ अपने संबंधों को पहले जैसा नहीं रख पाएगा तो वह अपना रुख बदल सकता है। दक्षिण कोरिया के सरकारी मीडिया की ओर से जारी बयान में किम यो जोंग ने कहा, 'हम एक बार फिर आधिकारिक रुख स्पष्ट करते हैं कि सियोल में चाहे कोई भी नीति अपनाई जाए और कोई भी प्रस्ताव रखा जाए, हमें उसमें कोई रुचि नहीं है। न ही उनसे मिलने का कोई कारण है और न ही चर्चा करने के लिए कोई मुद्दा है।'

लीजे-म्युंग सरकार की क्या नीति

यह दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की सरकार की नीति के बारे में उत्तर कोरिया का पहला आधिकारिक बयान है। ली जे-म्युंग जून की शुरुआत में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति बने थे। उत्तर कोरिया के साथ तनावपूर्ण रिश्तों को सुधारने के लिए राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस बीच, खबर है कि उत्तर कोरिया ने चोई ह्योन-श्रेणी के अपने तीसरे जंगी पोत के निर्माण का काम शुरू कर दिया है जिसे अगले साल अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा। यह पोत देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन के उस संकल्प के तहत है जिसमें उन्होंने देश की लंबे समय से उपेक्षित नौसेना को ताकतवर बनाने के लिए हर साल बड़े पोत बनाने का निश्चय किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि देश के पश्चिमी तट पर स्थित नाम्फो शिपयार्ड में निर्माण कार्य की शुरुआत के लिए समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कई शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

## भारत की मदद के लिए मोहम्मद यूनुस ने कहा धन्यवाद, डॉक्टर्स से बोले- आपका दिल बहुत बड़ा

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारतीय डॉक्टर्स समेत 21 विदेशी फिजिशियन और नर्सों की टीम की जमकर तारीफ की। रविवार को मोहम्मद यूनुस ने स्टेट गेस्ट हाउस में विदेशी डॉक्टर्स की मेडिकल टीम से मुलाकात की और उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया।



बीती 21 जुलाई को बांग्लादेशी वायु सेना का एक लड़ाकू विमान ढाका में एक स्कूल और कॉलेज कैंपस के बीच क्रैश हो गया था। इस विमान हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी और 170 से ज्यादा घायल थे। इनमें अधिकतर छात्र थे। हादसे के बाद अंतरराष्ट्रीय मेडिकल टीम ने ढाका पहुंचकर हादसे में घायल लोगों के इलाज में मदद की। इस विदेशी डॉक्टर्स की टीम में चीन, सिंगापुर और भारत के डॉक्टर्स और नर्सें शामिल रहीं। डॉक्टर्स से मुलाकात में मोहम्मद यूनुस ने उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि ये टीम न सिर्फ अपनी स्किल के साथ बांग्लादेश आई बल्कि अपने बड़े दिल के साथ भी आई। इनकी मौजूदगी से न सिर्फ साझा मानवता की पुष्टि हुई है बल्कि इस संकट के समय में वैश्विक साझेदारी का मूल्य भी पता चला है।

इस मेडिकल टीम में दस सदस्य सिंगापुर के, आठ चीन के और चार भारत से गए विशेषज्ञ शामिल रहे। हादसे में जलने से घायल हुए लोगों की मदद में इस टीम ने काफी मदद की। मोहम्मद यूनुस के स्वास्थ्य मामलों के सलाहकार प्रोफेसर सैयदुर रहमान ने कहा कि विशेषज्ञों की इस टीम की मदद से कई जिंदगियां बचाने में मदद मिली। बांग्लादेश की स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम ने भी विदेशी डॉक्टर्स की इस टीम से मुलाकात की और उनके काम और उनकी मदद की जमकर तारीफ की। मोहम्मद यूनुस ने डॉक्टर्स की इस टीम से अपील की कि वे बांग्लादेश के साथ संपर्क बनाए रखें और बांग्लादेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर बनाने में मदद करें। इस दौरान चीन और सिंगापुर के राजदूत भी मौजूद रहे।

प्लेन क्रैश में 31 लोग मारे गए

राजधानी ढाका में 21 जुलाई को वायुसेना का एक ट्रेनी विमान माइलस्टोन स्कूल पर क्रैश हो गया था। हादसे में 31 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 28 छात्र, 2 स्कूल स्टाफ और पायलट शामिल हैं। इसके अलावा 165 घायल हुए। इनमें से 78 की हालत गंभीर है। क्रैश हुआ फाइटर जेट चीन में बना एफ-7बीजीआई था। हादसा सोमवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। उस समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने कहा- दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई। पायलट ने विमान को आबादी से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन यह माइलस्टोन स्कूल कैम्पस से टकरा गया।

## सीरिया में संसदीय चुनावों की तारीख की घोषणा, 15-20 सितंबर के बीच होंगे

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में संसदीय चुनावों की घोषणा कर दी गई है। चुनाव 15 से 20 सितंबर के बीच होंगे। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद पहली बार चुनाव होंगे। चुनाव प्रक्रिया के आयोजन के लिए नियुक्त निकाय के प्रमुख ने रविवार को चुनाव के संबंध में जानकारी दी।



जनसभा चुनावों की उच्च समिति के अध्यक्ष मोहम्मद ताहा अल-अहमद ने सरकारी समाचार एजेंसी सना को बताया कि चुनाव 15 से 20 सितंबर के बीच होंगे। ये चुनाव सीरिया के लिए इसलिए खास हैं, क्योंकि दिसंबर में विद्रोहियों के तेज हमले के बाद पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद का पतन हो गया था, जिसके बाद देश की नई सरकार के तहत ये पहले चुनाव होंगे।

**210 में से एक तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्रपति करेंगे नियुक्ति :** सीरिया की संसद में कुल 210 सीटें हैं। इनमें से एक तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा खुद लोगों को नियुक्त करेंगे, जबकि बाकी सीटों पर चुनाव होंगे। एक साक्षात्कार में, चुनाव समिति के एक अन्य सदस्य हसन अल-दाघिम ने बताया कि निर्वाचित सीटों के लिए मतदान करने हेतु सीरिया के प्रत्येक प्रांत में एक निर्वाचक मंडल स्थापित किया जाएगा।

मार्च में अल-शरा द्वारा हस्ताक्षरित एक अस्थायी संविधान में एक जन समिति के गठन का आह्वान किया गया था, जो एक स्थायी संविधान के पारित होने और आम चुनाव होने तक अंतरिम संसद के रूप में कार्य करेगी। इस प्रक्रिया में वर्षों लग सकते हैं।

**सांप्रदायिक हिंसा के बीच हुई चुनाव की घोषणा :** चुनाव की ये घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब इस महीने की शुरुआत में दक्षिणी प्रांत स्वेदा में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के बाद दमिश्क में धार्मिक और जातीय झगड़े तेज हो गए हैं। इस लड़ाई में सैकड़ों लोग मारे गए और सीरिया के युद्धोत्तर नाजुक संक्रमण के खतरे में पड़ गए। दो हफ्ते पहले सशस्त्र बेडौइन कबीलों और ड्रूज धार्मिक अल्पसंख्यकों के लड़ाकों के बीच हुए अपहरणों के बाद हिंसक झड़पें शुरू हो गईं।

## भूख से बिलखते बच्चे, इजरायल की पसीजा दिल, गाजा में 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने की शुरुआत

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल की सेना ने गाजा के तीन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने की शुरुआत कर दी है। यह कदम इस क्षेत्र में बढ़ती भुखमरी की चिंताओं मद्देनजर उठाया गया है। इजरायल 21 महीने से चल रहे युद्ध में अपने आचरण की वजह से अंतरराष्ट्रीय आलोचना का सामना कर रहा है। इजरायली सेना ने कहा है कि वह बड़ी आबादी वाले गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी में सीमित समय के लिए युद्ध रोकेगी, ताकि मानवीय सहायता का दायरा बढ़ाया जा सके। यह रोक रविवार से शुरू होकर अगली सूचना तक हर दिन सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक रहेगी।

सेना के मुताबिक, वह सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित मार्ग बनाएगी। पहले ही गाजा में हवाई मार्ग से सहायता पहुंचाया है जिसमें आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री शामिल है।



खाद्य विशेषज्ञ महीनों से गाजा में भुखमरी के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं क्योंकि इजरायल ने सहायता पर रोक लगा दी थी। उनका कहना है कि हमास अपने शासन को मजबूत करने के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुओं में गबन करता है। हालांकि, इस दावे के लिए कोई सबूत नहीं दिया गया है। हाल के दिनों में गाजा से कमजोर बच्चों की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसके बाद इजरायल की वैश्विक आलोचना तेज हो गई। आलोचना करने वालों में उसके करीबी भी हैं और उन्होंने युद्ध और इससे उत्पन्न मानवीय त्रासदी को समाप्त करने का आह्वान किया है।

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने सहायता प्रतिबंधों में ढील देने के कदमों का स्वागत किया, लेकिन कहा कि गाजा में जरूरतमंद सभी लोगों तक सामान पहुंचाने के लिए व्यापक युद्धविराम की आवश्यकता है। इजरायल ने स्पष्ट किया है कि वह अन्य इलाकों में हमास के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए है। इससे पहले, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजरायल के अलग-अलग हमलों में कम से कम 27 फलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक डॉ. मुनीर अल-बुर्श ने कहा, 'यह युद्धविराम तब तक निरर्थक रहेगा, जब तक यह जीवन बचाने का एक वास्तविक अवसर न बन जाए।' स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक ने कुपोषित बच्चों के इलाज में मदद के लिए चिकित्सा आपूर्ति और अन्य सामान पहुंचाने का आह्वान किया। बुर्श ने कहा कि इसमें देरी का मतलब और लोगों की मौत होगा। इजरायल का कहना है कि अगर हमास आत्मसमर्पण कर दे, हथियार डाल दे और क्षेत्र को छोड़ दे, तो वह युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार है। हालांकि, समूह ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

